


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

WWW.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 82 | मंगलवार, 05 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा तृतीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर

### अमेरिका में लैंडिंग करते वक्त खंभे और ट्रक से टकराया प्लेन



**दिल्ली।** अमेरिका में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जब यूनाइटेड एयरलाइंस का एक प्लेन लैंडिंग के समय हाईवे पर एक लैंप पोस्ट (खंभा) और ट्रक से टकरा गया। जब प्लेन में यह दुर्घटना हुई तब उसमें 231 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। न्यूज एजेंसी AFP की रिपोर्ट के अनुसार फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने बताया कि यह बोइंग 767 प्लेन इटली के वेनिस से आ रहा था और राहत की बात यह रही कि न्यूआर्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया। एजेंसी इस घटना की जांच करेगी। न्यू जर्सी स्टेट पुलिस की शुरुआती जांच में बताया गया कि जब प्लेन रनवे के पास उतरने वाला था, तभी उसके लैंडिंग टायर और नीचे का हिस्सा एक खंभे और ट्रैक्टर-ट्रेलर (बड़ा ट्रक) से टकरा गया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद वह खंभा एक जीप से भी टकरा गया, जो उसी हाईवे पर चल रही थी। पोर्ट अथॉरिटी ऑफ न्यूयॉर्क एंड न्यू जर्सी के अनुसार, प्लेन में किसी को चोट नहीं आई। ट्रक ड्राइवर को हल्की चोटें आईं, उसे अस्पताल ले जाया गया और बाद में रिस्चार्ज कर दिया गया।

### मुश्किल में ट्रंप की कुर्सी



**दिल्ली।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समग्र लोकप्रियता घटकर 37 प्रतिशत रह गई है और 66 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक उनकी आर्थिक नीतियों से संतुष्ट नहीं हैं। एक सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। अमेरिका में राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के बीच में, नवंबर में होने वाले चुनावों से पहले इस सर्वेक्षण को काफी अहम माना जा रहा है। 'वाशिंगटन पोस्ट-एबीसी न्यूज-इप्सोस' द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार, आव्रजन या इमिग्रेशन के मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप को अपेक्षाकृत बेहतर समर्थन मिला है। अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर उनकी नीतियों को 45 प्रतिशत लोगों ने मंजूरी दी, जबकि 54 प्रतिशत ने इस पर असहमति जताई है। सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में अमेरिकियों ने कहा कि वे प्रमुख मुद्दों पर किसी भी राजनीतिक दल पर भरोसा नहीं करते।

## केरल में यूडीएफ की प्रचंड जीत पर प्रियंका गांधी ने जताया आभार



**दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत के लिए प्रदेश के लोगों का आभार जताया और कहा कि उनका यह भरोसा यूडीएफ का मार्गदर्शन करेगा। केरल विधानसभा चुनाव में सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ प्रचंड जीत की ओर अग्रसर है और वह करीब 100 सीटों पर आगे चल रहा है अथवा जीत चुका है।

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''केरल के मेरे सभी भाइयों और बहनों, आपके विश्वास और आपके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद। आपने हम पर जो भरोसा जताया है, वह यूडीएफ का मार्गदर्शन करेगा, हम आप में से प्रत्येक के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कड़ी मेहनत करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पूरी उम्मीद है कि आपके प्रति हमारी कृतज्ञता अगले पांच वर्षों में हर दिन नजर आएगी क्योंकि हम ईमानदारी और विनम्रता से अपने वादों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''वायनाड में मेरे परिवार के लिए आपने शानदार जनादेश से यूडीएफ में अपना अपना विश्वास फिर से दिखाया है जहां 7 में से 7 सीटें यूडीएफ को मिली हैं। अब आपके पास 8 प्रतिनिधि हैं जो वायनाड के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## मोदी बोले 'जनशक्ति की विजय', शाह ने कहा- भय और तुष्टीकरण पर करारा प्रहार



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता के भरोसे, सुशासन और कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत कहा। मोदी ने इसे जनशक्ति और विकास की राजनीति की जीत बताते हुए राज्य के सपनों को पूरा करने का भरोसा दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने एक्स पर कई पोस्ट किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा- पश्चिम बंगाल में कमल खिल उठा! पश्चिम बंगाल विधानसभा के 2026 के चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति विजयी हुई है। मैं पश्चिम बंगाल के प्रत्येक नागरिक को नमन करता हूं। जनता ने भाजपा को शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम ऐसी सरकार प्रदान करेंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करे।

पीएम मोदी ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा- पश्चिम बंगाल में भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत पीढ़ियों से अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रयासों और संघर्षों के बिना संभव नहीं होती। मैं उन सभी को सलाम करता हूं। वर्षों से उन्होंने जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की है, हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है और हमारे विकास एजेंडे के बारे में बात की है। वे हमारी पार्टी की ताकत हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जताते हुए एक्स पर कई पोस्ट किए हैं। जिसमें उन्होंने लिखा- बंगाल की जनता को कोटि-कोटि नमन यह प्रचंड जनादेश भय, तुष्टीकरण और घुसपैठियों के संरक्षकों को बंगाल की जनता का करारा जवाब है।

# तमिलनाडु, केरल में ढहे सत्ता के किले लेकिन असम में हिमंता नहीं हिले

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे जैसे-जैसे सामने आ रहे हैं, राजनीतिक तस्वीर तेजी से साफ होती जा रही है। रुझानों में यह स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विदाई तय मानी जा रही है और भारतीय जनता पार्टी राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। 2011 से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस के लिए यह बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।

वहीं असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी के संकेत मिल रहे हैं, जिसे पार्टी की मजबूत संगठनात्मक रणनीति और राज्य सरकार के कामकाज का परिणाम बताया जा रहा है।

तमिलनाडु में भी बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है. मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता विजय की पार्टी TVK की ब्लॉकबस्टर एंट्री सत्ता में होती नजर आ रही है।

केरल में लेफ्ट का किला ढहता नजर आ रहा है। ताजा रुझानों के मुताबिक राज्य में कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ (UDF) की जीत तय मानी जा रही है। यदि यह रुझान नतीजों में बदलते हैं, तो केरल में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन होगा।




### टीवीके नेता सेंगोट्टइयन ने 10वीं बार जीत हासिल की

तमिलागा वेत्री कषगम (टीवीके) के वरिष्ठ नेता केए सेंगोट्टइयन ने सोमवार को तमिलनाडु की गोबिचेट्टीपालयम विधानसभा सीट पर ऐतिहासिक रूप से 10वीं बार जीत हासिल की। क्षेत्र में पहली बार अभिनेता से नेता बने विजय की टीवीके के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले सेंगोट्टइयन (78) ने लगभग 71,380 वोट हासिल किए और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एन नल्लाशिवम को 13,000 से अधिक वोट के अंतर से हराया।

### तमिलनाडु में एक और सुपरस्टार सीएम का उदय

फिल्म एक्टर से राजनेता बने थलापति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने तमिलनाडु में करिश्मा कर दिया है। अपने पहले ही चुनाव में विजय की पार्टी प्रदेश की एक मजबूत ताकत बनकर उभरी है। राज्य की दो दिग्गज और पुरानी पार्टियों- डीएमके और एआईएडीएमके को टीवीके ने पीछे छोड़ दिया है। विजय की पार्टी इस समय 234 में से 108 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

### पश्चिम बंगाल में 'खेला', ढह गया 15 साल पुराना किला

बात जब 'खेला' करने की हो, तो पश्चिम बंगाल की जनता ने दिखा दिया कि असली 'खेला' क्या होता है। चुनाव प्रचार के बीच एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने भविष्यवाणी की थी, '4 मई को सुबह काउंटिंग शुरू होगी, 8 बजे बैलेट बॉक्स खुलना शुरू होगा, 9 बजे पहला राउंड, 10 बजे दूसरा राउंड, 1 बजे काउंटिंग समाप्त और दीदी टाटा बाय-बाय।' शायद अमित शाह भांप चुके थे कि पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है।

## बंगाल में बीजेपी की बंपर जीत, बीजेपी 204 सीटों पर आगे, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे से राज्य भर के 77 मतगणना केंद्रों पर चल रही है। अभी औसतन 10 राउंड की काउंटिंग हो चुकी है।

सोमवार को राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से केवल 293 सीटों पर ही मतगणना हो रही है, क्योंकि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले की पूरी फाल्टा विधानसभा सीट के लिए 21 मई को पुनर्मतदान की घोषणा की थी, जिसके परिणाम 24 मई को घोषित किए जाएंगे। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से, चुनाव आयोग ने इस बार मतगणना केंद्रों की संख्या 2021 में 108 और 2016 में 90 से घटाकर 77 कर दी थी। शुरुआत में, चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों की संख्या घटाकर 87 करने का निर्णय लिया था। हालांकि, अंततः यह संख्या घटाकर 77 कर दी गई। मतगणना केंद्रों के अंदर और आसपास तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। सबसे भीतरी स्तर, यानी मतगणना कक्ष में सुरक्षा की व्यवस्था केवल केंद्रीय बल के कर्मियों द्वारा की जाएगी।

पश्चिम बंगाल में बीजेपी 190 का आंकड़ा पार कर गई है। टीएमसी का ग्राफ लगातार नीचे गिरते जा रहा है। टीएमसी 92 सीटों पर आ गई है।




### बीजेपी ने नौ सीट पर जीत दर्ज की, तृणमूल ने भगवांगोला सीट बरकरार रखी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सोमवार को मतगणना जारी रहने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नौ सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है और 189 सीट पर पार्टी आगे है। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने एक सीट पर जीत हासिल की है जो राज्य में भाजपा की जबरदस्त लहर का संकेत है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, भाजपा पहले ही कालिम्पोंग, दार्जिलिंग, मान्टेश्वर, भातर, मेदिनीपुर, बर्वान, खारडाह, जमुरिया और आसनसोल दक्षिण सीट पर जीत हासिल कर चुकी है।

### भाजपा मुख्यालय में जश्न

दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से तस्वीरें सामने आई हैं, जहां पार्टी कार्यकर्ता असम और पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रदर्शन का जश्न मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकते हैं।

## होर्मुज नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रंप

### यूरोप ने पीछे खींचे हाथ, मैक्रों बोले- जंग में हम शामिल नहीं



**दिल्ली।** होर्मुज को लेकर बढ़ते संकट में यूरोप और अमेरिका के बीच रणनीतिक मतभेद साफ दिखने लगे हैं। जहां अमेरिका सैन्य विकल्प के जरिए रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा है, वहीं फ्रांस और यूरोप बातचीत आधारित समाधान पर जोर दे रहे हैं। इस बीच, ईरान की सख्त चेतावनी और पाकिस्तान की मध्यस्थता ने इस संकट को और जटिल लेकिन कूटनीतिक रूप से सक्रिय बना दिया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य ऑपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पॉलिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कॉमन सिक्योरिटी फ्रेमवर्क विकसित कर रहे हैं।

मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है।

## पश्चिम एशिया में फिर ठनी: 15 हजार अमेरिकी सैनिक और 100 लड़ाकू विमानों की तैनाती से भड़का ईरान



**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' और ईरान की सीधी हमले की धमकी ने वैश्विक व्यापार और शांति को खतरे में डाल दिया है। 15 हजार सैनिकों की मौजूदगी के बीच एक छोटी सी चिंगारी भी बड़े युद्ध का रूप ले सकती है। अमेरिक के किस एलान से ईरान भड़क उठा है?

पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने सोमवार को अमेरिकी सेना को चेतावनी दी है कि यदि वे होर्मुज में प्रवेश करते हैं, तो उन पर हमला कर दिया जाएगा। ईरान के मुख्य सैन्य कमान खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर ने कहा, 'हम चेतावनी देते हैं कि किसी भी विदेशी सशस्त्र बल, विशेष रूप से आक्रामक अमेरिकी सेना पर हमला किया जाएगा, यदि वे होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने का इरादा रखते हैं।'

ईरान ने यह भी दावा किया कि इस जलमार्ग की सुरक्षा पूरी तरह उसके नियंत्रण में है और किसी भी जहाज के सुरक्षित मार्ग के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय करना अनिवार्य है।

## केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन को बहुमत




**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व वाले UDF गठबंधन को बहुमत मिल चुका है। 10 साल से सत्ता में रही लेफ्ट सत्ता से बाहर हो गया है। वहीं बीजेपी भी केरल में अपनी उपस्थिति बढ़ाती नजर आ रही है। मालूम हो कि राज्य में 140 सीट के लिए कुल 883 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यहां बहुमत का आंकड़ा 71 है।

केरल विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF), दो कार्यकालों से सत्ता में रहे वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (LDF) के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली। कांग्रेस ने यहां 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया था। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाला राजग द्विध्रुवीय राजनीति वाले राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

LDF की हार के साथ ही 1960 के दशक के बाद पहली बार ऐसा होगा कि वामपंथी दल किसी भी भारतीय राज्य में सत्ता में नहीं होंगे. अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य के लिए 15,464 कर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें 140 रिटर्निंग ऑफिसर, 1,340 अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर, 4,208 सूक्ष्म पर्यवेक्षक, 4,208 मतगणना पर्यवेक्षक और 5,563 मतगणना सहायक शामिल हैं।

## यूपी में फिर बढ़ी पंचायत चुनाव मतदाता सूची प्रकाशन की तारीख




**लखनऊ।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उप्र. राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि बढ़ने के पीछे पंचायत मतदाताओं को पहली बार 9 अंक का यूनिक नंबर दिया जाना माना जा रहा है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 10 जून को जारी की जाएगी। आयोग का कहना है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि की आशंका से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इस बार चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आयोग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। पहली बार ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची में शामिल हर मतदाता को 9 अंकों का यूनिक 'स्टेट वोटर नंबर' (एसवीएन) दिया जा रहा है। यह नंबर प्रत्येक मतदाता के लिए अलग और स्थायी होगा, जिससे फर्जी मतदान या किसी दूसरे के नाम पर वोट डालने की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।आयोग के निर्देश पर प्रदेशभर में ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। इसी के तहत सभी मतदाताओं को यह यूनिक नंबर आवंटित किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति दूसरे के नाम पर मतदान करने की कोशिश करेगा तो स्टेट वोटर नंबर के जरिए उसे तुरंत चिन्हित किया जा सकेगा।

**घोषणापत्र** टीवीके के घोषणापत्र में विजय ने 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की सहायता

## 8 ग्राम सोना, फ्री सिलेंडर और हर महीने 2500 रुपए के वादे पर नजर



**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलागा वेट्री कझगम (टीवीके) नए दल के रूप में चुनाव मैदान में उतरी है। पार्टी के सबसे बड़े दल बनने और सरकार बनाने की संभावनाओं के बीच विजय के चुनावी वादों पर अब लोगों की खास नजर है। इनमें सबसे चर्चित वादा विवाह के लिए महिलाओं को 8 ग्राम सोना देने का है, जिसकी अनुमानित कीमत 22 कैरेट में लगभग 1.40 लाख रुपये बताई जा रही है।

टीवीके के घोषणापत्र में विजय ने 60 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की सहायता, हर परिवार को सालाना छह मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर और गरीब दुल्हनों को सोने के साथ अच्छी गुणवत्ता वाली रेशमी साड़ी देने का वादा किया है। साथ ही, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूहों (SHG) को 5 लाख रुपये तक ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया है।

घोषणापत्र में शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। स्कूल छोड़ने की समस्या रोकने के लिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं या अभिभावकों को हर साल 15,000 रुपये देने का वादा है। पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज के नाम पर 100 विशेष आवासीय स्कूल खोलने और उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई है। विजय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्रालय, AI विश्वविद्यालय और AI नगर स्थापित करने का भी वादा किया है।

कृषि क्षेत्र में पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के पूरे फसल ऋण माफ करने और इससे अधिक भूमि वालों को 50 प्रतिशत ऋण माफी का वादा है। धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल और गन्ने के लिए 4,500 रुपये प्रति टन न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) देने का आश्वासन भी दिया गया है।युवाओं के लिए 5 लाख नए सरकारी नौकरियां सृजित करने, उतनी ही संख्या में भत्तायुक्त प्रशिक्षण और बेरोजगार स्नातकों को 4,000 रुपये मासिक सहायता देने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में नशामुक्त तमिलनाडु बनाने, अस्पतालों के आधुनिकीकरण, सालाना निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और 25 लाख रुपये तक की पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का संकल्प है।

## सुनेत्रा पवार ने बनाया देश में जीत का महारिकॉर्ड वोट मार्जिन में दो लाख से अधिक का रहा अंतर



**मुंबई।** बारामती उपचुनाव में सुनेत्रा पवार की रिकॉर्डतोड़ जीत ने न सिर्फ राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं, बल्कि यह जीत राष्ट्रीय स्तर पर एक नई मिसाल बन गई है। भारी जनसमर्थन के साथ मिली यह जीत पवार परिवार की राजनीतिक पकड़ और सहानुभूति लहर दोनों को दर्शाती है।

महाराष्ट्र के बारामती विधानसभा उपचुनाव में सुनेत्रा पवार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारतीय चुनावी इतिहास में नया रिकॉर्ड बना दिया है। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2,18,930 वोटों के विशाल अंतर से जीत हासिल की, जो अब तक किसी भी विधायक के लिए देश की सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है।

मतगणना के 24वें राउंड के अंत तक आए आंकड़ों के अनुसार, सुनेत्रा पवार ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को भारी अंतर से पीछे छोड़ दिया। चुनाव में कुल 23 उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन कोई भी प्रत्याशी 1,000 वोट का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका।

इस जीत के साथ सुनेत्रा पवार ने 2022 में यूपी चुनाव में गाजियाबाद की साहिबाबाद विधानसभा सीट में सुनील कुमार शर्मा का बनाया गया 2,14,835 वोटों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह जीत उनके दिवंगत पति अजित पवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के रूप में भी देखी जा रही है।

एक नजर

### लाइनमैन की खंभे पर तड़प-तड़प कर मौत, जेई-एसडीओ पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुल्हापुर पट्टी चौहान में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई। सूरजनगर निवासी सर्वेश कुमार (40) रविवार को शटडाउन लेकर 11 हजार वोल्ट की लाइन की मरम्मत कर रहे थे। आरोप है कि काम के दौरान अचानक बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे करंट की चपेट में आकर सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई।घटना से आक्रोशित परिजनों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित जेई और एसडीओ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भोजीपुरा में आधी रात को हुई पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़

## पुलिस की पैर में गोली लगते ही गिरा बदमाश, दूसरा खेतों से दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ से हड़कंप मच गया। गश्त के दौरान मिली सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोच लिया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। दूसरे को खेतों में घेरकर पकड़ा गया। मौके से अवैध असलहा, कारतूस और चोरी का सामान बरामद हुआ है।

4 मई की रात भोजीपुरा पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर में हुई चोरी के आरोपी फिर से वारदात की फिराक में हैं। चोरी का माल ठिकाने लगाने निकल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बासुंधरन ढाल से दलपतपुर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर चेकिंग


मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

शुरूकर दी।रुकने को कहा तो बरसाईं गोलियां, सिपाही बाल-बाल बचा करीब 2:45 बजे दो संदिग्ध कंधे पर बोरी लटकाए आते दिखे। पुलिस ने जैसे ही रुकने का इशारा किया, दोनों खेतों की ओर भागे और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली आरक्षी दीपक के बाजू को छूते हुए निकल गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। जिसमें अफसर अली पुत्र अली शेर निवासी गाड़िया पैगंबरपुर (बदायूं) के पैर में गोली लग गई। वह घायल हो गया। वहीं उसका साथी हसनैन उर्फ साहिल पुत्र आस मोहम्मद निवासी कुंडरी आश्रम (शाहजहांपुर) खेतों में छुपा मिला। जिसे पुलिस ने घेरकर गिरफ्तार कर लिया। तमंचा, कारतूस और चोरी का माल बरामद मौके से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस के साथ गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, 10 स्टील की थालियां और 2200 रुपये नगद बरामद किए हैं। बरामद सामान हाल ही में हुई चोरी से जुड़ा बताया जा रहा है।

### दोनों पर दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में दर्ज मुकदमे से जुड़े हैं। अफसर अली पर करीब 17 और हसनैन उर्फ साहिल पर 14 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। दोनों लंबे समय से चोरी की वारदातों में सक्रिय थे।मुठभेड़ में घायल बदमाश और सिपाही दीपक को इलाज के लिए सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बरेली में एयरलाइंस की एयर होस्टेस की रहस्यमय मौत, घर में मिला शव


भानु प्रिया एयर हॉस्टेस (फाइल फोटो)

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर के रामचंद्रपुरम इलाके में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एलाइंस एयर में कार्यरत एयर होस्टेस अपने घर में मृत मिली। 32 वर्षीय भानु प्रिया शनिवार रात दिल्ली से घर लौटी थी। सुबह परिजनों ने जगाने की कोशिश की तो वह मृत पाई गई। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

भानु प्रिया शनिवार रात करीब आठ बजे दिल्ली से घर पहुंची थी। खाना खाने के बाद वह सोफे पर ही सो गई। रविवार सुबह करीब सात बजे जब परिजनों ने उसे उठाने की कोशिश की, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। इंस्पेक्टर सतीश कुमार के मुताबिक भानु प्रिया इन दिनों तनाव में थी। उसका ट्रांसफर गुवाहाटी किया जा रहा था। कंपनी की ओर से स्पष्ट कर दिया गया था कि ट्रांसफर नहीं लेने पर नौकरी छोड़नी पड़ेगी। इस कारण वह मानसिक दबाव में थी।

### अंतिम कॉल सहकर्मी को, ओवरडोज की आशंका

पुलिस के अनुसार, भानु प्रिया ने शनिवार रात अपनी एक सहकर्मी को अंतिम कॉल किया था। उससे भी पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में नींद की दवा के ओवरडोज की आशंका जताई गई है, हालांकि पुष्टि विसरा रिपोर्ट के बाद ही होगी।

### मौसी के साथ रहती थी, माता-पिता का हो चुका है निधन

भानु प्रिया के पिता का 2022 और मां का 2024 में निधन हो चुका है। वह अपनी मौसी बिंदु देवी और दो मौसेरे भाइयों के साथ रह रही थी। मकान उसकी मां के नाम था, जिसकी वसीयत भानु प्रिया और उसके मौसेरे भाई के नाम बताई गई है। इंस्पेक्टर सुभाषनगर ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया गया है।

# मौलाना तौसीफ केस में नई हलचल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रेलवे ट्रैक पर मिली मौलाना तौसीफ रजा की लाश के मामले ने अब बड़ा मोड़ ले लिया है। बिहार से आई उनकी पत्नी तबस्सुम खातून सोमवार को सीधे बरेली जंक्शन पहुंचीं। जीआरपी थाने में हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दे दी। अब वह एसपी सिटी मानुष पारीक से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करेंगी।

तबस्सुम खातून ने जीआरपी बरेली जंक्शन में दिए प्रार्थना पत्र में साफ कहा है कि उनके पति मौलाना तौसीफ रजा की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रेन के डिब्बे में कुछ लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की और बाद में उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया।

### पत्नी ने बरेली आकर दर्ज कराई शिकायत

पत्नी के मुताबिक, 26 अप्रैल की रात करीब 9:45 बजे उनके पति ने फोन कर बताया था कि ट्रेन में कुछ लोग उन्हें पीट रहे हैं। तबस्सुम ने तत्काल वीडियो कॉल ऑन कर दी, जिसमें उन्होंने कई लोगों को अपने पति के साथ मारपीट करते देखा। उन्होंने इस घटना का करीब 30 सेकंड का ऑडियो और 2 मिनट 53 सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड भी किया। इसके कुछ देर बाद तौसीफ का मोबाइल बंद हो गया। अगली सुबह करीब 9:30 बजे एक मैसेज मिलने के बाद जब तबस्सुम ने फोन मिलाया तो पुलिस ने कॉल रिसीव कर उनके पति की गंभीर हालत की जानकारी दी। बाद में परिजनों को बताया गया कि तौसीफ की मौत हो चुकी है। परिवार के सदस्य बरेली पहुंचे और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को बिहार ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

### परिवार का दावा हादसा नहीं, साजिशन हत्या

परिवार का कहना है कि तौसीफ ही घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। ऐसे में उनकी मौत ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है। पत्नी ने साफ कहा कि यह घटना सामान्य नहीं है, बल्कि ट्रेन में मौजूद लोगों ने मारपीट कर हत्या को हादसा दिखाने की कोशिश की है। जीआरपी में तहरीर देने के बाद तबस्सुम खातून अब एसपी सिटी मानुष पारीक से मिलेंगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू की जाएगी और अगर कोई साक्ष्य मिलता है तो मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्र में अवैध वाहन कटान का खेल तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध वाहन कटान का काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। बिना किसी वैध अनुमति के अलग-अलग स्थानों पर खुलेआम गाड़ियों को काटा जा रहा है।

स्थानीय लोगों को आशंका है कि इन अवैध अड्डों पर चोरी के वाहनों को ठिकाने लगाया जा रहा है।कटान से निकलने वाले अपशिष्ट और तेल से पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है। प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से तत्काल छापेमारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि इस अवैध नेटवर्क पर लगाम लगाई जा सके।

# युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित रामगंगा नगर कॉलोनी में युवक की संदिग्ध मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी। मृतक सुमित सोनकर की मौत को लेकर परिजनों ने बड़ा आरोप लगाया है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि मानसिक प्रताड़ना और साजिश का नतीजा है। मामले में पत्नी काजल सोनकर और उसके कथित प्रेमी निहाल सैनी को जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के चाचा बिजेंद्र कुमार ने बिथरी चैनपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुमित की पत्नी के पड़ोस में रहने वाले युवक से नजदीकियां बढ़ गई थीं। जब सुमित को इस रिश्ते की भनक लगी और उसने

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



विरोध किया, तो हालात और बिगड़ गए। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने मिलकर सुमित को लगातार अपमानित करना और मानसिक रूप से तोड़ना शुरू कर दिया। उसे बार-बार आत्महत्या करने तक के लिए उकसाया जाता था।

परिवार का कहना है कि सुमित को इस हद तक प्रताड़ित किया गया कि वह टूट गया। उसे नपुंसक कहकर अपमानित किया।जिंदा रहने पर ताने दिए गए। यहां तक कहा गया कि मर जा, ताकि हम दोनों पति-पत्नी की तरह रह सकें। लगातार मिल रहे ऐसे जख्मों ने उसे अंदर से खत्म कर दिया। बताया गया कि 16 अप्रैल को सुमित अचानक घर छोड़कर चला गया था, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। हालांकि अगले दिन वह वापस लौट आया, लेकिन हालात नहीं बदले। मानसिक दबाव और तनाव लगातार बढ़ता गया।

### फांसी या कुछ और, शव मिलने की स्थिति पर उठे सवाल

24 अप्रैल की दोपहर उसकी पत्नी ने बहन को फोन कर फांसी लगाने की बात कही। लेकिन जब परिजन मौके पर पहुंचे तो सुमित का शव फंदे पर नहीं, बल्कि चारपाई पर पड़ा मिला। यही सबसे बड़ा सवाल बन गया अगर फांसी लगाई थी तो शव नीचे किसने उतारा, और तुरंत सूचना क्यों नहीं दी गई, इन सवालों के जवाब नहीं मिलने से मामला और गहरा गया है। जांच के दौरान काजल के पास से एक अलग कीपैड मोबाइल मिला, जिसे वह छुपाकर रखती थी। आरोप है कि इसी फोन से वह अपने प्रेमी से लगातार संपर्क में रहती थी। यह मोबाइल अब पूरे मामले की अहम कड़ी माना जा रहा है।

### परिजनों का आरोप यह आत्महत्या नहीं

परिवार ने साफ तौर पर कहा है कि सुमित की मौत के पीछे गहरी साजिश है। उनका आरोप है कि मानसिक उत्पीड़न और रिश्तों के खेल ने उसकी जान ले ली। उन्होंने दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सबकी नजर इस पर है कि यह मौत आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई बड़ा खेल छुपा है। इलाके में इस घटना को लेकर आक्रोश और चर्चा दोनों चरम पर हैं।

# पुलिस ने 65 लाख के 342 मोबाइल किए बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** खोए मोबाइल की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों के लिए बरेली पुलिस ने ऐसा काम कर दिखाया, जिसने पूरे जिले में सुर्खियां बटोर लीं। करीब 65 लाख रुपये कीमत के 342 मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने न सिर्फ बड़ी सफलता हासिल की, बल्कि लोगों के चेहरों पर खोई मुस्कान भी वापस लौटा दी। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम किसी उत्सव से कम नहीं दिखा, जहां अपने-अपने मोबाइल पाकर लोग खुशी से झूम उठे।

कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि इस बड़ी कामयाबी के पीछे पुलिस की सर्विलांस और साइबर टीम की जबरदस्त मेहनत रही। टीम ने तकनीक


पीड़ित को खोया हुआ मोबाइल देते एसपी सिटी। -जागरण मोर्चा

का ऐसा जाल बिछाया कि अलग-अलग जिलों ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी मोबाइल ट्रेस कर बरामद कर लिए गए। महीनों की कड़ी निगरानी, डेटा एनालिसिस और लगातार फॉलोअप के बाद यह सफलता हाथ लगी। बरामद मोबाइलों में महंगे स्मार्टफोन से लेकर सामान्य कीपैड फोन तक शामिल हैं, जो इस अभियान की व्यापकता को दिखाता है।

मोबाइल वापस मिलते ही कई लोग अपनी भावनाएं नहीं रोक सके। किसी के फोन में जरूरी दस्तावेज थे, तो किसी के लिए वह परिवार की यादों का खजाना था। एक महिला ने बताया कि उसने फोन मिलने की उम्मीद पूरी तरह छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस के कॉल ने उसकी दुनिया ही बदल दी। फोन हाथ में आते ही उसकी आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। मोबाइल लेने पहुंचे लोगों ने बरेली पुलिस की जमकर सराहना की। नागरिकों ने कहा कि जिस तरह से पुलिस ने मेहनत कर उनके फोन वापस दिलाए हैं, वह काबिले-तारीफ है। लोगों का कहना था कि ऐसी सक्रिय और जिम्मेदार पुलिस व्यवस्था हर जगह होनी चाहिए।

> पुलिस का मकसद सिर्फ अपराधियों पर शिकंजा कसना नहीं, बल्कि आम जनता को राहत देना भी है। लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने पर तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं।ईएमईआई नंबर हमेशा सुरक्षित रखें। पुलिस ने यह भी साफ कर दिया कि मिशन मोबाइल आगे भी जारी रहेगा और खोए सामान की तलाश में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।
>
> –एसपी सिटी मानुष परिक

# भाजपा की जीत, कार्यकर्ताओं का जश्न

**ठाकुरद्वारा।** पश्चिम बंगाल, असम व पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर ठाकुरद्वारा में जश्न तो खूब हुआ, लेकिन यह जश्न एकजुटता से ज्यादा बंटवारे की कहानी कहता नजर आया। बंगाल में हिटलर ममता की हार और भाजपा की जीत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर से लेकर देहात क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी छोड़ते हुए मिठाई का वितरण कर जमकर जश्न मनाया। नगर में देहात क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में ठाकुरद्वारा मुरादाबाद काशीपुर मार्ग स्थित तिकोनिया चौराहा पर एकत्र हुए हाथ में झंडा लहराते हुएआतिशबाजी छोड़ी गई और मिठाई का वितरण हुआ उसके बाद कार्यकर्ता दो खेमा में नजर आए।

# भरभराकर गिरी पानी की टंकी, मलबे में 5 लोग दबे, चार की हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। आंवला तहसील क्षेत्र में सोमवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की सरदार नगर ग्राम पंचायत में बना पानी का ओवरहेड टैंक अचानक भरभराकर गिर पड़ा। तेज आवाज के साथ गिरी इस टंकी के मलबे में कई लोग दब गए। हादसे में पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू कर दिया। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में डोरीलाल, अर्जुन, वीरपाल, रविंद्र और ननकू उर्फ वेदपाल शामिल हैं। इनमें से चार की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि सभी घायल लोग सोमवार शाम टंकी के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक ओवरहेड टैंक भरभराकर गिर गया और लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और राहत कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने इस हादसे के पीछे सीधे तौर पर घटिया निर्माण को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि टंकी के निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। सोमवार सुबह हुई तेज बारिश के कारण टंकी के पिलर कमजोर होकर धंस गए, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया।

### भ्रष्टाचार की खुली पोल, जांच की उठी मांग

इस घटना के बाद सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

जश्न — आतिशबाज़ी, गुलाल और मिठाई बांटकर जताई खुशी, नेताओं ने दी बधाई

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बहेड़ी में कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी में बहेड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र सिंह, भाजपा नेता अजय जायसवाल, बॉबी नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता महेश शर्मा, ओमवीर सिंह और आसेराम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। साथ ही मिठाई बांटकर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। नेताओं ने इस जीत को पार्टी की नीतियों और जनता के विश्वास की जीत बताया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने कहा कि यह विजय कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।


कई राज्यों में भाजपा सरकार बहुमत में आने पर जश्न मनाते भाजपा के कार्यकर्ता।


जश्न मनाते भाजपा के कार्यकर्ता।

### भाजपा की प्रचंड बहुमत जीत पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया

**ओरछी, बदायूं।** स्थानीय कस्बा ओरछी चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के जीतने पर कस्वा ओरछी चौराहे पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जीतने पर खुशी मनाई एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा के नेता डॉ राजेश मौर्य निजी आवास पर भाजपाइयों ने एक सौहार्दपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल आसम में विधान सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव परिणाम में भाजपा की भारी प्रचंड बहुमत से जीत होने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ राजेश मौर्य, शक्ति केंद्र संयोजक भाजपा गिरीश मौर्य, भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक हरिओम शर्मा, चेतन कुमार मिश्रा, ध्रुव कुमार, दीपक ठाकुर, पुनीत कुमार, एडवोकेट रामकिशोर मौर्य, आदि कार्यकर्ता हुआ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीडीओ व डीसी ने किया ब्लॉक का औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गोविंद वल्लभ पाठक और डीसी एनआरएलएम केएन पाण्डेय ने ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने आवास पटल, एनआरएलएम और आधार फीडिंग से संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की।डीडीओ ने मनरेगा के तहत श्रमिक संख्या बढ़ाने और निर्माणाधीन विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने तथा अपात्रों पर कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में साफ-सफाई और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति के सख्त निर्देश दिए गए। डीसी एनआरएलएम ने महिला समूहों के कार्यों का जायजा लिया और उनकी प्रगति की समीक्षा की। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक उमेश यादव, एकाउंटेंट देवेंद्र यादव और जेई सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# हादसे में दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत

## शाहबाद- चंदौसी मार्ग स्थित नवाबपुरा गांव के पास हुआ हादसा, परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल



इरशाद की मौत की सूचना पर रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा



आकाश मृतक का फाइल फोटो।



इरशाद मृतक का फाइल फोटो।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** चंदौसी मार्ग पर दो बाइकों में आपस में हुई भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

रविवार देर रात शाहबाद के चंदौसी रोड स्थित नवाबपुरा गांव के पास दो बाइकों में आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें पटवाई थाना क्षेत्र का आकाश (20) रामपाल निवासी लालपुर पट्टी थाना पटवाई और हिम्मतपुर गांव निवासी इरशाद(35) पुत्र नन्हे की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार रिंकू पुत्र बोहरन निवासी मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आकाश बाइक पर सवार होकर अपने बहनोई रिंकू को साथ दावत खाने जा रहा था, दूसरी तरफ से इरशाद पुत्र नन्हे भी बाइक से आ रहा था, जैसे ही दोनों बाइक सवार शाहबाद चंदौसी रोड स्थित नवाबपुरा गांव के पास पहुंचे, दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में इरशाद और आकाश की मौत हो गई जबकि रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया।

**दु:खद**

सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौत की सूचना उनके गांव हिम्मतपुर और लालपुर पट्टी पहुंची, ग्रामीणों का घर आने जाने का दिनभर तांता लगा रहा

### दो बच्चों के सर से उठ गया बाप का साया

मृतक इरशाद ने अपने पीछे दो बच्चे अनम और शाने आलम छोड़ गया। सड़क हादसे में हुई मौतों से दोनों के परिवारों में मातम सा छाया हुआ है। जबकि आकाश की शादी नहीं हुई थी। खबर लिखे जाने तक घायल रिंकू का उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में किया जा रहा था।

### दावत खाने जा रहा था आकाश

मृतक आकाश बहनोई रिंकू के साथ दावत खाने जा रहा था। कि इसी बीच रास्ते में सामने से आ रहे इरशाद कर बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह देख मौके पर राहगीरों को भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए भेजा गया।

## बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र खौद सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शा मासूम राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं।ई-रिक्शा के कारण हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। खौद निवासी सादे अली सड़क किनारे खड़े थे।इसी दौरान चौराहे की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार ने खौद चौकी के सामने बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शाओं से बचने की कोशिश की। तभी एक ई-रिक्शा चालक ने अचानक सड़क पर कट मार दिया। ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अपना नियंत्रण खो बैठा और उसने सड़क किनारे खड़े सादे अली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सादे अली सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए और बुरी तरह घायल हो गए।





## एक नजर

### मारपीट मामले में चार लोगों पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के नबीगंज जदीद गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में चार लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित रामभरोसे ने अपने बेटे पंकज के साथ हुई घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। रामभरोसे के अनुसार बीती 29 अप्रैल को सतीश पुत्र हरप्रसाद, विशाल पुत्र हरप्रसाद, हरप्रसाद पुत्र तोताराम और भगवान देई पत्नी हरप्रसाद ने उन्हें और उनके बेटे पंकज को गंदी गालियां दीं। जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से उनकी पिटाई की। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। रामभरोसे ने जानकारी दी कि इस मामले में पहले समझौते की बात चल रही थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद उन्होंने शाहबाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** 33/11 केवी अजीतपुर फीडर की वीसीबी स्थापित करने का कार्य, 11 केवी लाइन के समीप आ रही पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक ज्वालानगर, अजीतपुर, लक्ष्मीनगर, सांई विहार, आगापुर, मंसूरपुर, कोसी पुल, बाइपास, पनवड़िया, अहमद नगर जागीर की आपूर्ति बंद रहेगी।

### अलग अलग सड़क हादसों में पांच जख्मी

**शाहबाद।** क्षेत्र में .अलग- अलग मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना सिरौली अंतर्गत रामनगर निवासी चमन लाल अपने बेटे धर्मेंद्र के साथ मोटर साइकिल द्वारा कहीं जा रहे थे रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर प्राथमिक उपचार चलाया गया। वहीं दूसरी ओर जिला संभल के छावड़ा निवासी गणेश और कौशल के साथ-साथ शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी देवेंद्र भी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

# बैनामे के दौरान शाहबाद तहसील परिसर में हंगामा

- विक्रेता की पत्नी और लड़कियों ने विरोध जताया विरोध
- आक्रोशित महिलाओं ने वकील से की हाथापाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद तहसील परिसर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब विक्रेता की पत्नी अपनी बेटियों के साथ तहसील पहुंच गई और बैनामे का विरोध किया। विरोध इतना बढ़ गया कि आक्रोशित महिलाओं ने अधिवक्ता के चैंबर पर पहुंचकर हाथापाई कर दी। उधर महिलाओं ने भी अभद्रता का आरोप लगाया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर निवासी मुनेश ने अपना 25 गज के मकान किसी महिला को बेंच दिया था, जिसका बैनामा सोमवार को रजिस्ट्री ऑफिस में किया जा रहा था, सूचना मिलते ही मुनेश की पत्नी और बेटियां सीधे रजिस्ट्री ऑफिस पहुंच गई और बैनामे का विरोध करते हुए ऑफिस के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। लोगों के द्वारा किसी तरफ बीच बचाव कराकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया। लेकिन आक्रोशित महिलाओं ने अधिवक्ता संग हाथापाई कर दी। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को थाने ले आई। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी हुई थी।

> पति- पत्नी के बीच प्रॉपर्टी को लेकर आपसी विवाद था, हमारे ऑफिस में कोई हंगामा नहीं हुआ था, जो भी विरोध या हंगामा हुआ है वो कार्यालय के बाहर हुआ है। **-शिवम श्रीवास्तव प्रभारी उपनिबंधक,शाहबाद**

> नगर निवासी मुनेश अपने 25 गज के मकान का बैनामा किसी महिला के नाम करा रहे थे, वह अपनी पत्नी और लड़कियों से अलग किसी ओर महिला के साथ रहते है। बैनामे की सूचना पर उनकी पत्नी और बेटियों ने तहसील पहुंचकर बैनामे का विरोध करते हुए हंगामा किया। हंगामे के दौरान अधिवक्ता के साथ हाथापाई हुई है। वहीं महिलाओं ने भी अधिवक्ता पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र मिला है, जांच की जा रही है। **– प्रदीप कुमार कोतवाल शाहबाद**





हंगामे के बाद महिलाओं को थाने लाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

# आजम खां हेट स्पीच में मामले में 16 को आएगा फैसला



- एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही सुनवाई हुई पूरी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में आजम खां द्वारा दिए गए हेट स्पीच के मामले में बहस पूरी हो गई है अब इस मामले में 16 मई को फैसला आ सकता है। यह मुकदमा वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज किया गया था। इसमें आजम खां सपा-बसपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कई विवादित बयान भी दिए थे।

थाना भोट में यह मुकदमा दर्ज हुआ था। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हुई थी। वीडियो में आजम खां में गाड़ी हुए थे। वह बोल रहे थे डटे रहियो कलक्टर पलक्टर से मत डरियो। तनखइयों से नहीं डरते। देखे है मायावती जी के फोटो, बड़े-बड़े अफसर रूमाल निकालकर उनके जूते साफ करते है। वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में एपीओ सुदेश शर्मा ने सोमवार को इस मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है अब इसमें 16 मई को अदालत फैसला सुना सकती है।

## दो पैन कार्ड में आजम खां के अधिवक्ता ने दिया प्रार्थना पत्र

- कोर्ट में 15 मई को होगी अगली सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए सेशन में सोमवार को आजम खां, अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड के मामले में नवेद मियां ने कोर्ट में आदेश दाखिल किया था। जिसमें आजम खां, अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने की मांग की थी। जिस पर कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई। आजम खां के अधिवक्ता की ओर से नवेद मियां के दाखिल आदेश पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रार्थना पत्र देते हुए हमें सुनवाई के लिए समय दिया जाए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता इसमें खुद पैरवी के लिए रामपुर आएंगे। न्यायालय ने आजम खां के अधिवक्ता के जरिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए 15 मई को नियत कर दी है। 17 नवंबर 2025 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां, अब्दुल्ला आजम को दो पैन कार्ड में दोषी ठहराते हुए सात-सात साल की सजा, 50-50 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया था। सजा के खिलाफ दोनों के अधिवक्ताओं ने सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। जिसको न्यायालय ने सुनने के बाद खारिज कर दिया था। अब इस मामले में नवेद मियां की ओर से आजम खां, अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुनवाई चल रही है।

# निर्विरोध जिला अध्यक्ष का शिक्षकों ने किया स्वागत





जिलाध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

- विद्यालय परिसर में शिक्षकों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार में पहुंचकर पांचवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ चुने जाने पर डॉक्टर राजवीर सिंह का शाल-शील्ड और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक स्वार के मंत्री तनवीर अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया मोहम्मद प्रभारी सईद सागर, वरिष्ठ शिक्षक नेता सईद रहमानी, जिला अध्यक्ष मंत्री, नफासत अली, डॉ. राकेश बाबू, प्रतिभा कुमारी, ऊषा सैनी, सर्वेश कुमार, कुमारी तबस्सुम, रेशमा बी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति को सात साल का कारावास

- थाना गंज के काशीपुर आंगा का है मामला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रक द्वितीय ने दहेज हत्या में नामजद आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए सात साल का कारावास और पांच हजार रुपये का जुर्माना डाला है। आरोपी को कोर्ट ने 2 मई को दोषी ठहराते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था।

जनपद फरीदाबाद निवासी बीना देवी पत्नी दिनेश महतो बटकल झील चौक थाना एमजीएम नगर ने 23 जुलाई 2016 को थाना गंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। उसकी बेटी को सलीम, असलम पुत्र जुम्मा कारीगर निवासी काशीपुर आंगा फरीदाबाद में काम करने गए थे। वह मकान किराए पर मकान लेकर उसकी बेटी माला को प्रेमजाल में फंसाकर बहला फुसलाकर रामपुर ले आए थे। रामपुर लाकर सलीम ने शादी कर ली। उसके बाद संतान हुई। जो उसके साथ मारपीट करते थे। जिसकी सूचना पर 5 नवंबर 2019 को काशीपुर आंगा के प्रधान के घर मां बीना पहुंची तो उसको सब कुछ पता चला। तो 19 नवंबर को इसकी शिकायत थाना गंज पुलिस से की। तो मालूम हुआ कि बेटी की मौत हो चुकी है।

पुलिस ने धारा 304 बी और 201 मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने विवेचना की। तो सलीम को आरोपी बनाकर कोर्ट मे चार्जशीट दाखिल की। एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रक द्वितीय ने पति सलीम को धारा 304 बी के तहत आरोपी ठहराते हुए सात वर्ष की सजा, पांच हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई है।

# दहेज की मांग पूरी न करने पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** दहेज में बुलेरो कार न देने पर वर पक्ष द्वारा रिश्ता तोड़ने का मामला सामने आया है।पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के ग्राम खुशाहलपुर निवासी शफाकत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री शमीना का रिश्ता चार माह पूर्व सुभान पुत्र मौलाना मेहन्दी निवासी ग्राम चांदखेड़ी थाना डिलारी जिला मुरादाबाद के साथ तय किया था। मंगनी में 02 लाख रुपये नकद दो तोले सोना, 12 तोला चांदी और कपड़े आदि समान दिया था। सुभान के परिवार के 30 लोग मंगनी में आये थे, जिनके खाने व नाश्ते आदि में 70 हजार रुपये खर्च हुऐ थे।उन्होंने बताया कि रिश्ते में अब तक कुल 7 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। 12 मई को बारात आना तय हुई थी। सुभान उसके पिता मोलाना मेहन्दी सहित परिवार के निजाम, रिजवान, सुभाना, कोसर, बब्बो, हुसन बानो, परवीन ने दहेज में बुलेरो कार की मांग कर रहे हैं।आरोप है कि जब लड़की पक्ष ने बुलेरो कार शादी में देने में असमर्थता जताई तो लड़का पक्ष ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

शराफत अली के अनुसार 27 मार्च को मुल्जिमानों से कहा कि तुम अगर इतनी मांग पूरी नही कर रहे हो तो मेरा सामान व रुपये वापस कर दो मैं तुम्हारी कार की मांग पूरी नही सकता हूँ। इसी बात पर मुल्जिमानो ने लड़की पक्ष को गालियां देते हुए कहा कि अगर कहीं शिकायत की तो तुम्हारी बेटी के फोटो एडिट कर नेट पर वायरल कर देगें, और तुम्हे जान से मारवा देगें।शराफत अली ने बताया कि उसने 04 अप्रैल को को एक प्रार्थना पत्र थाने पर दिया था। जिसमें कुछ सम्भ्रान्त लोगो द्वारा फैसला करया गया था। 5 अप्रैल को आरोपी पक्ष द्वारा 02 लाख नगद व सोने व चांदी व कपड़े व अन्य सामान देने का वाद किया था। लेकिन सामान नहीं दिया और दबंगता दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पति की हत्या करने में पत्नी और प्रेमी को पुलिस ने भेजा जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** स्वार थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ है।जहां पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव खानपुर उत्तरी के मजरा रज्ज्वला निवासी कुलवंत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है।मृतक की मां चंद्रावती पत्नी रामप्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।बताया जा रहा कि कुलवंत सिंह 25 अप्रैल को अपने गांव से काशीपुर थाना क्षेत्र के गांव खड़कपुर स्थित अपनी झोपड़पट्टी जाने के लिए निकला था।वहीं, पहले से मौजूद उसकी पत्नी गुड्डी ने अपने प्रेमी कपिल कुमार मौर्य निवासी मसवासी के साथ मिलकर साजिश रची, आरोप है कि दोनों ने कुलवंत को शराब में जहर मिलाकर पिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। कई दिनों तक लापता रहने के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच तेज की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में कई टीमों का गठन किया।रविवार को कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाकर शव बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर पत्नी गुड्डी और उसके प्रेमी कपिल मौर्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**आयोजन** | मिलक के गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल में लगा मेडिकल कैंप

# फ्री मेडिकल कैंप में 70 वर्ष से अधिक नागरिकों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** बिलासपुर रोड स्थित गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ द्वारा चतुर्थ फ्री मेडिकल कैंप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए ज्ञानपुर सुखदेव क्लासेस द्वारा एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया।

समाज सेवा एवं जनहित के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं एवं करियर मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह राज्य महिला आयोग सदस्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज,वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव मांगलिक विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, वीरांगना मांगलिक, संगीता अग्रवाल, सारिका रस्तोगी शामिल रहे। इसमें सीएल गुप्ता हॉस्पिटल, मुरादाबाद, डालमिया हॉस्पिटल, रामपुर, साहनी हॉस्पिटल, रामपुर तथा नयन ज्योति हॉस्पिटल, मिलक का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। जिनमें डॉ. वैभव कुमार अग्रवाल सहित फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं दंत रोग विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



गुरु रामदास इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कैंप में मौजूद अतिथि, विशिष्ट। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोमवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदिके बारे में बताया।



# यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं में बेटियों का 'क्लीन स्वीप'

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह, सीबीएसई में छात्रों ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ लहराया परचम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावियों का सम्मान किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट (वर्ष 2026 के कुल 9 जिला टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन नतीजों की सबसे खास बात यह रही कि यूपी बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने अपना वर्चस्व कायम करते हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में टॉप-3 के सभी स्थानों पर कब्जा जमाया है।

सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंकों की झड़ी लगाकर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। डीएम ने सभी नौनिहालों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में डीएम, डीआईओएस के संग खड़े मेधावी। -जागरण मोर्चा

**यूपी बोर्ड में बेटियों ने मारी बाजी, पहले तीन स्थानों पर कब्जा**

यूपी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम रामपुर में महिला सशक्तिकरण की बेहद सुखद तस्वीर पेश कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा में 93.67 प्रतिशत (562/600) अंकों के साथ कनिष्का गंगवार ने पूरे जिले में पहला स्थान हासिल किया है। 93.50 प्रतिशत के साथ समीक्षा कुमारी दूसरे और 93 प्रतिशत अंकों के साथ दीक्षा तीसरे स्थान पर रहीं। यही सिलसिला इंटरमीडिएट के परिणामों में भी देखने को मिला। इंटर में सेजल आर्य ने 90.20 प्रतिशत अंक पाकर जिले में टॉप किया है। मन्तशा ने 89.80 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और सहरीन ने 89.60 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा पायदान हासिल किया। यह आंकड़े साबित करते हैं कि जिले की बेटियां शिक्षा के मैदान में लड़कों को कड़ी टक्कर ही नहीं दे रहीं, बल्कि उनसे आगे निकल रही हैं।

### अनुशासन और सही मार्गदर्शन ही है सफलता का मूल मंत्र

प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बच्चों की पीठ थपथपाते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। डीएम ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह शानदार उपलब्धि केवल एक दिन की मेहनत का नतीजा नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के कड़े अनुशासन, उनकी निरंतर लगन और उनके शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का सम्मिलित परिणाम है। डीएम ने जिले के अन्य छात्र-छात्राओं से भी इन टॉपर्स से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सबसे सशक्त माध्यम है जिसके जरिए कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की दशा और दिशा बदल सकता है। इस कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम और जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल सहित सभी मेधावियों के गौरवान्वित अभिभावक और स्कूलों के प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे।

### सीबीएसई 10वीं में छात्रों का दबदबा, हुई अंकों की बारिश

जहां यूपी बोर्ड में बेटियों का जलवा रहा, वहीं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) हाईस्कूल परीक्षा 2026 के नतीजों में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान रचे हैं। दयावती मोदी एकेडमी के शौर्य चौहान ने 500 में से 497 अंक (99 .4 प्रतिशत) हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर रहे जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के रिदान अली ने 496 अंक (99 .2 प्रतिशत) अर्जित किए हैं। इसी स्कूल के जगबीर सिंह ने 495 अंक (99 .0 प्रतिशत) लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीबीएसई के इन तीनों टॉपर्स के 99 प्रतिशत से अधिक अंक इनकी अथक मेहनत की गवाही दे रहे हैं।

# मांगों को लेकर भाकियू अंबावता ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाकियू अम्बावता की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के किसानों से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की गई। पंचायत के बाद भाकियू अंबावता के कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम आशुतोष कुमार को सौंपा।

मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्र से स्मार्ट मीटर को हटवाया जाएं। मीरापुर गांव में अधूरे पड़े नाले के निर्माण, ग्राम ओसी गांव में आबादी के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की विद्युत लाइन को हटवाने की भी मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां, मंडल सचिव झंडू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, डॉ रेहान, साजिद अली, असलम सैफी, आसिफ कुरैशी, नेपाल सिंह, साजिद कुरैशी, विद्याराम पाल, राहुल यादव, अतर सिंह, रामचरण सिंह, हरकिशन सिंह, दानी सागर इम्तियाज, अकरम, दौलत राम आदि रहे।



पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एसडीएम को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

# छात्र-छात्राओं ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी बन बाइक सवारों को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। स्कूली बच्चों को एक दिवसीय यातायात अधिकारी बनाकर विभिन्न चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम चलाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने यातायात पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी।बच्चों द्वारा लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने का यह प्रयास आमजन के लिए सराहनीय रहा और लोगों ने भी इसमें रुचि लेते हुए नियमों का पालन करने के संबंध में प्रतिबद्धता जाहिर की। यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों को यातायात संकेतों, सड़क सुरक्षा नियमों एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी दी।साथ ही उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

# पीडब्ल्यूडी की उदासीनता के चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान बेअसर

- **तोड़ी गई दुकानों के आगे दोबारा फिर हुआ निर्माण, बढ़ी परेशानियां**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मुख्य मार्ग पर गत वर्ष पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई के तहत भगतपुर तिराहे से ग्राम मोहनपुरा तक सड़क के दोनों ओर सरकारी जमीन की पैमाइश कर अतिक्रमण चिन्हित किया गया था। इस दौरान कई दुकानों और मकानों पर रेड मार्किंग करते हुए उन्हें सरकारी भूमि पर बना अवैध निर्माण घोषित किया गया। विभाग की ओर से नोटिस जारी कर एवं मुनादी कराकर प्रभावित दुकानदारों और मकान मालिकों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे।

साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि उन्होंने खुद अतिक्रमण की जद में आये निर्माण को नहीं हटाया, तो प्रशासन बुल्डोजर चलाकर कार्रवाई करेगा। उसका खर्च भी वसूला जाएगा। इस घोषणा के बाद नगर में हड़कंप मच गया और अधिकांश लोगों ने मजबूरी में अपनी दुकानें और मकान खुद ही तोड़ लिए।

इस मुद्दे को क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने भी गंभीरता से उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रमुख सचिव गृह और मंडलायुक्त के सामने रखा था। कुछ प्रभावित लोगों को हाईकोर्ट से आंशिक राहत भी मिली थी, लेकिन प्रशासन की सख्ती के चलते ज्यादातर लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटा दिया। हालांकि, कुछ दुकानदारों ने अपने निर्माण नहीं तोड़े। ऐसे में जिन्होंने अपनी दुकानें तोड़ ली थीं, उनकी दुकानें पीछे हट गईं और उनका कारोबार प्रभावित होने लगा।

बाद में स्थिति यह बनी कि जिन दुकानदारों ने पहले अपने निर्माण तोड़ दिए थे, उनमें से अधिकांश ने फिर से आगे बढ़कर निर्माण कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पीडब्ल्यूडी और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि दोबारा हुए निर्माण से अभियान का असर लगभग खत्म होता नजर आ रहा है।

# मुठभेड़ में गोकशी के आरोपी को लगी गोली



पुलिस की गिरफ्त में गोकशी का आरोपी। -जागरण मोर्चा

### 10 साल में कई दर्ज हुए मुकदमे

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अकरम उर्फ कालिया पुत्र रहीस उर्फ रईस निवासी वार्ड नंबर 20 मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार बताया है पुलिस ने बरामदगी में एक 315 बोर तमंचा, नाल में फंसा खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक प्लास्टिक बोरी में पशु काटने के उपकरण, करीब ढाई मीटर लंबी रस्सी, काली पॉलिथीन, लकड़ी का गट्ठा, कुल्हाड़ी, छुरी और गंडासा बरामद किया गया। साथ ही मौके से एक बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली गई, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UK06AX2824 बताया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अकरम उर्फ कालिया पहले भी गौकशी और आर्म्स एक्ट समेत कई मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ थाना स्वार में वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक गौकशी और पशु क्रूरता अधिनियम के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर सीएस एक्ट, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत कई गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं।

- **तमंचा और पशु काटने के उपकरण भी किए बरामद**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और कथित गोकशी आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मौके से तमंचा, कारतूस, बाइक और पशु काटने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रहमतगंज स्थित जाहरवीर मंदिर से भगत स्टोन क्रशर जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध युवक बाइक के साथ खड़ा है और निराश्रित गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद थाना स्वार पुलिस ने तीन टीमों का गठन कर इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस के अनुसार जब टीम मौके पर पहुंची तो संदिग्ध युवक बाइक छोड़कर झाड़ियों की ओर भागने लगा।

पुलिस को देखकर फायर झोंक दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# कॉमर्शियल गैस कीमतों से टूटी व्यापारियों की कमर, प्रदर्शन

- **एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन, की मांग**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बिलासपुर।** व्यायसायिक, औद्योगिक गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष सुदर्शन मदान के नेतृत्व में तमाम व्यापारी एकत्र होकर तहसील परिसर पहुंचे। एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

व्यापारियों का कहना है कि कुछ समय में व्यावसायिक, औद्योगिक गैस सिलेंडर की कीमतों में जो बेतहाशा वृद्धि हुई है इसने व्यापार जगत की कमर तोड़ दी। वृद्धि होने से होटल, रेस्टोरेंट उद्योग पर गैस के दाम दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ गई है। जिससे आम जनता की थाली महंगी हो रही है होटलों का संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इसलिए बढ़ी हुई कीमतों को कम किया जाए। जिससे कि व्यापारियों को राहत मिल सके। प्रदर्शन करने वालों में धन्नूमल बंसल, सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल समेत आदि मौजूद रहे।



एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

# 125 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना भोट पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक आरोपी उमर निवासी नगरपत नगर थाना स्वार को सनकरा चौराहा से 125 ग्राम नाजायज चरस तथा एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज किया। जबकि आरोपी को कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।



# जिला टॉपर आरती को घर पहुंचकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय उपलब्धि सामने आई है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर की प्रतिभाशाली छात्रा आरती ने 131 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जनपद टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।

इस उल्लेखनीय सफलता पर छात्रा को सम्मानित करने के लिए नोडल प्रभाकर गौतम स्वयं छात्रा के निवास स्थान ज्वालानगर पहुंचे। वहां उन्होंने आरती को पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रा के पिता एवं उनकी मेंटर शिक्षिका प्राथमिक विद्यालय रामनगर की शोभा रानी शर्मा भी मौजूद रहीं।इस दौरान साइकिल मैन के नाम से प्रसिद्ध सत्येंद्र पांडे उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्वी, एआरपी संघ के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह , मनोज कुमार निमेष एवं मीडिया प्रभारी आफ़ाक़ हुसैन सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।छात्रा आरती ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं मेंटर्स को देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं।



छात्रा आरती को साइकिल भेंट करते हुए सत्येंद्र पांडे। -जागरण मोर्चा

**गुस्सा** | कलेक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# यूरिया-एनपीके किल्लत पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खाद की कमी को लेकर कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेसी खुरपा, फावड़ा और हसिया लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने किसानों की खाद संबंधी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने की मांग की।

पूर्व विधायक संजय कपूर, जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए। उसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर यूरिया-एनपीके कमी को लेकर प्रदर्शन किया। यहां पर करीब आधे घंटे तक नारेबाजी की। विधायक ने कहा कि किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक नहीं मिल रहा है, जिससे फसलों के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। वर्तमान में एक हेक्टेयर भूमि पर केवल सात कट्टे यूरिया दिया जा रहा है, जबकि वास्तविक आवश्यकता इससे कहीं अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रति किसान केवल दो कट्टे एनपीके उर्वरक ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो फसलों के संतुलित पोषण के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

आरोप लगाया कि उर्वरकों की कमी के कारण कालाबाजारी बढ़ रही है और किसानों को मजबूरन महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। उर्वरक वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें लगने से किसानों का समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में मुतिउर रहमान खां, बाकर अली खां, नोमान खां, सरदार गुरबाज सिंह, अरसलान, आरिफ अलवी, जयदीप द्विवेदी, शारिब अली खां, शकील मंसूरी, राजेश लोधी, दुर्गेश मौर्य, रवि टंडन, कपिल चौधरी, जकी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

**रामपुर**। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की भारी बहुमत से विजयी होने पर सोमवार को वीर खालसा सेवा समिति की ओर भारतीय जनता पार्टी के विधायक आकाश सक्सेना को बधाई दी। कहां कि विधायक आप जहां भी गए। वहां पार्टी मजबूत हुई। आपके द्वारा भी पश्चिम बंगाल में जाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार किया। जिस पर भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से विजय प्राप्त हुई। इस मौके पर गुरमीत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, कमलजीत सिंह, मनिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, नरेंद्र पाल,कुलविंदर सिंह मौजूद रहे।

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**टांडा**। पांच राज्यों में संपन्न हुए चुनाव में पश्चिम बंगाल सहित असम तथा पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सोमवार को टांडा नगर में कार्यकर्ताओं ने हर्ष के साथ मिठाई बांटी तथा जुलूस निकाला। पांच राज्यों में हुए चुनाव में पश्चिम बंगाल, असम तथा पांडिचेरी में मोदी मैजिक लोगों के दिल पर सर चढ़कर बोला। इस अवसर पर टांडा नगर मंडल कार्यालय सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लाह के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, योगेश सैनी, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह, माखन लाल सैनी, कपिल शर्मा,कृष्ण अवतार सैनी, विजेंद्र सैनी, राजकुमार चौहान, प्रताप सिंह चौहान और अश्वनी वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ सदर बाजार तथा अन्य क्षेत्रों में जुलूस निकाल रहे हैं।

### बांटे मिठाईयां मनाई खुशी

**बिलासपुर**। हाईवे स्थित पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल के कैम्प कार्यालय पर भाजपाई एकत्र हुए उन्होंने रुझानों पर खुशी व्यक्त करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को पहली बार जीत और प्रचंड बहुमत मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोख सिंह खैहरा, अनिल मदान, अंशुल अग्रवाल,संतोख सिंह खैहरा, शाम के समय ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर इकट्ठा होकर खुशी का इजहार किया और लड्डू बांटे।

# पश्चिम बंगाल, असम में भाजपा की जीत पर जश्न

## भाजपा कार्यालय पर मनाया गया विजय उत्सव, ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरके भाजपाई



भाजपा कार्यालय पर जीत का जश्न मनाते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य कर तथा आतिशबाजी के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे कार्यालय परिसर में भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस विजय को लेकर कार्यकर्ताओं में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया, मानो यह जन-जन की आकांक्षाओं की जीत हो।



भाजपा कार्यालय पर जीत की खुशी में मिठाई खिलाते भाजपाईं। -जागरण मोर्चा

नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बंगाल असम एवं पांडुचेरी में मिली विजय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रतिफल है। यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं कार्यशैली पर पूर्ण विश्वास रखती है। विधायक राजबाला ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा और अधिक दृढ़ता एवं संकल्प के साथ जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी तथा देश के हर क्षेत्र में विकास एवं सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

### गुंडाराज, भ्रष्टाचार, माफिया राज का अंतः जिलाध्यक्ष

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक विजय वहां की जनता द्वारा वर्षों से चले आ रहे गुंडाराज, भ्रष्टाचार एवं माफिया राज के अंत का स्पष्ट संकेत है। यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि जनता अब भय, अन्याय और तुष्टिकरण की राजनीति को अस्वीकार कर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के मार्ग को अपना चुकी है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और जनविश्वास की जीत है। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय जनता के अटूट विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं पार्टी के नेतृत्व की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है।

### जश्न मनाने वालों में यह रहे शामिल

पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, मोहित सैनी, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, हंसराज पप्पू, सुभाष भटनागर, बीना भारद्वाज, बरेली के निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, मोहन कुमार लोधी, मोहनलाल सैनी, सुनीता सैनी, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, विकास दीक्षित, अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, अमित दिवाकर, राजीव मांगलिक, शकुंतला लोधी, पारुल अग्रवाल, विवेक बिश्नोई, श्वेता शर्मा, विकास दीक्षित, शुभम सक्सेना, विक्रम सिंह, ओमप्रकाश लोधी, कपिल गुप्ता, योगेंद्र गंगवार, संजय यादव, देवेंद्र चौधरी, डॉली रंधावा आदि मौजूद रहे।

### पश्चिम बंगाल की जीत से भाजपाई गदगद, बांटी मिठाई



जीत पर शाहबाद में मिठाई बांटते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

शाहबाद। पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में मिली जीत के बाद शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनावों में मिली जीत का जश्न मनाया। विजय उत्सव भाजपा कार्यालय शाहबाद में आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सहित देश के अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का परिणाम बताया। विजय उत्सव में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता, ठाकुर शिवराज सिंह, रामसेवक शर्मा, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, अमित चंद्रवंशी, अर्पित वशिष्ठ, रामानंद पांडे, संजीव यादव, के.पी. सिंह, दलवीर सिंह सागर, अजय गुप्ता, अर्जुन कुमार, जयपाल सिंह यादव और महेंद्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मिलक में जश्न, बांटी मिठाई छोड़ी आतिशबाजी



तीन बत्ती चौराहे पर जश्न मनाते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

**मिलक**। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की खबर मिलते ही सोमवार शाम मिलक नगर के तीन बत्ती चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जमकर आतिशबाजी छोड़कर जीत का इजहार किया। इस दौरान "जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से पूरा तीन बत्ती चौराहा गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। हाथों में भाजपा का झंडा लिए युवाओं ने विक्ट्री साइन दिखाकर खुशी जताई। जश्न मना रहे भाजपाइयों ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और सुशासन के मॉडल पर मुहर लगाई है। यह जीत बंगाल में बदलाव की शुरुआत है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब बंगाल में भी डबल इंजन की सरकार विकास की नई गाथा लिखेगी। इस अवसर पर कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रेम शंकर पांडे, मनोज पांडे, ममता अत्रि, नगर अध्यक्ष बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, सभासद डॉ. राम बहादुर गंगवार, मुन्नी देवी, ऋषि पांडे, हेमा रानी, दीपा रस्तोगी, जीतू पांडे, सुरेश पटेल आदि मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और लड्डू बांटे।

# प्रभु श्रीराम का चरित्र हमें श्रेष्ठ बनने का संदेश देता



कथा सुनाती वाचक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर**। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया। जिसके चतुर्थ दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने प्रभु की कथा के महत्त्व से प्रभुभक्तों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा, प्रभु श्री राम का चरित्र हमें श्रेष्ठ बनने का संदेश देता है।

एक भाई कैसा होना चाहिए, एक राजा कैसा होना चाहिए, एक पुत्र कैसा होना चाहिए, यह समस्त गुण प्रभु के व्यक्तित्त्व में देखने को मिलते है। साध्वी जी ने कहा श्री राम अपने पिता के वचनों का मान रखने के लिए वनवास की ओर प्रस्थान करते है,और उधर भरत अपने भाई श्री राम को वापिस लाने के लिए उनसे विनती करते है यह घटना हमारे आज के समाज के लिए एक बहुत बड़ी उदाहरण है। जहाँ पर आज के समाज में संपत्ति को पाने के लिए भाई-भाई आपस में लड़ते है। वहीं पर राम कथा में हमें सीखने को मिलता है, की भाईयों का प्रेम कैसा होना चाहिए। हमारा हमारे समाज के प्रति क्या दायित्व होना चाहिए।ऐसे गुण हमारे जीवन में ब्रह्मज्ञान से ही आ सकते है। इसके अतिरिक्त अन्य साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन कथा में किया और कथा का समापन प्रभु की पावन आरती के साथ किया गया। इस मौके पर शिवदीप, सुनील गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, मधु गुगलानी, अरविंद गुप्ता, रोशन लाल, राजपाल, हिमांशु मोर्य,मनदीप सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर अंतिम संस्कार कराते वनकर्मी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में नीलगाय की मौत

**शाहबाद**। सोमवार को तहसील क्षेत्र के खरसौल गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक नीलगाय के बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग और गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर मृत नीलगाय का अंतिम संस्कार कराया। वाहन की टक्कर लगने से नीलगाय की मौत की सूचना जैसे ही गौ रक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मनोज कुमार और युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल को मिली, उन्होंने अपने संगठन के पदाधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा। वन विभाग के कर्मियों की मदद से मृत नीलगाय का अंतिम संस्कार कराया। इस मौके पर जिला संयोजक प्रकाश, प्रदीप और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### बंगाल विकास के पथ पर होगा अग्रसरः श्रीष गुप्ता



**रामपुर**। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीष गुप्ता ने कहा कि बंगाल के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय,तृणमूल कांग्रेस और उसकी मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी की भय,आतंक, भ्रष्टाचार ,घमंड, तुष्टिकरण की राजनीति के प्रति उत्तर में हुई है। जनता त्रस्त थी। उसे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा था। बांग्लादेशी घुसपैठियों को ममता बनर्जी का समर्थन था। सारे उद्योग धंधे बंद हो रहे थे। बेरोजगारी चरम पर थी ,विकास शून्य था। इंफ्रास्ट्रक्चर था हीं नहीं। कभी देश की राजधानी ओर प्रमुख औद्योगिक केंद्र रहा बंगाल खस्ताहाल हो चुका था। अब बंगाल भी देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

# आईपीएचएल लैब में मिलेगी टीबी की जांच की सुविधा





जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बनी लैब। -जागरण मोर्चा

- जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बनी है लैब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल में आईपीएचएल इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में रोगियों को टीबी की भी जांच सुविधा मिलेगी। हालांकि इसमें वर्तमान समय में 90 प्रकार की जांचे होती है। लेकिन अब इस लैब में टीबी, महिला अस्पताल की भी जांचें एक जगह होगी। इससे रोगियों को जांचों के लिए इधर उधर भागना नहीं पड़ेगा।

पहले अस्पताल में पैथोलॉजी लैब में सीबीसी, डेंगू, मलेरिया, थॉयराइड, सहित 22 प्रकार की खून की जांच होती थी। जबकि टीबी और एचआईवी की जांच अलग-अलग कक्षों में होती है। ऐसे में मरीजों को जांच के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। मरीज को एक ही स्थान पर जांच की सुविधा देने के मकसद से जिला अस्पताल में ही आईपीएचएल लैब का निर्माण करीब दो साल पहले हो चुका है। लैब में मरीजों को 90 प्रकार की बीमारियों से जुड़ी जांच रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर मिलती है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जल्द ही आईपीएचएल लैब में टीबी, महिला अस्पताल की संबंधित जांचे होगी। इसकी तैयारियां चल रही है।

### सोमवार को अस्पताल में हुई 814 रोगियों की ओपीडी

एक दिन के अवकाश के बाद जिला अस्पताल के खुलने पर 814 रोगियों की ओपीडी हुई। अस्पताल के फिजिशियन कक्ष, बाल रोग विभाग, त्वचा रोग विभाग और नेत्र विभाग में लंबी कतारें लगी रहीं। पैथोलॉजी लैब में ब्लड जांच, मलेरिया, डेंगू, शुगर और यूरिन टेस्ट के लिए भीड़ रही। चिकित्सकों ने बताया कि तापमान में उतार-चढ़ाव और लापरवाही से बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि मौसम बदलने से वायरल, डायरिया और एलर्जी के मरीज बढ़े हैं। इसलिए लोग साफ पानी पिएं, खानपान में सावधानी रखें और लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। लापरवाही से बीमारी गंभीर हो सकती है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में जीत जनविश्वास का प्रतीकः आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पश्चिम बंगाल में हुए चुनाव परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी के प्रति बढ़ते जनविश्वास का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव तो झांकी हैं, अभी उत्तर प्रदेश के चुनाव बाकी हैं। यहां भी भाजपा प्रचंड जनादेश प्राप्त कर प्रदेश और देश के विकास की धारा तय करेगी।

रामपुर सेवक कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि राज्य की जनता भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। आकाश सक्सेना ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी पार्टी का विजय अभियान इसी तरह जारी रहेगा और भाजपा और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। विधायक ने विशेष रूप से उन सीटों का उल्लेख किया जिनकी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि उन सभी क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों ने विराट जीत दर्ज की है, जो पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। इनमें दिनहाटा और सिताई सीट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में इस तरह का प्रदर्शन यह साबित करता है कि भाजपा अब एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है।

**समस्या** सबसे कम हुई शहर में, बारिश से हुआ जगह-जगह जलभराव, राहगीरों को आई परेशानियां

# बिलासपुर में सबसे ज्यादा हुई बारिश, मकान क्षतिग्रस्त



बारिश होने से गांधी समाधि पर जलभराव। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। सोमवार सुबह तड़के तीन बजे तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से लोगों से गर्मी से राहत मिली है। तो जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न रही। सबसे ज्यादा तहसील बिलासपुर और सबसे कम सदर तहसील में बारिश रिकार्ड की गई। रात में हुई बारिश से बिलासपुर के एक मकान की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई।

बारिश होने से शहर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न रही। जिसमें गांधी समाधि रोड, कचहरी परिसर, तहसील सदर, पुराना रोडवेज वर्कशॉप, ज्वालानगर, गड्ढा कालोनी समेत कई क्षेत्रों में जलभराव रहा। जलभराव होने पर पालिका प्रशासन ने गांधी समाधि पर पंपिंग सेंट लगवाकर पानी की निकासी कराई। बिलासपुर के गांव पृथ्वीपुर उर्फ चिड़ियाखेड़ा निवासी राकेश कुमार पुत्र चंद्र सैन का कच्चे मकान की छत क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें लगभग 5 हजार रुपये का नुकसान है। जिसमें जान माली हादसा नहीं हुआ है। इसके अलावा कहीं भी नुकसान नहीं हुआ है।

### कहां कितनी हुई बारिश

| स्थान | मिली मीटर |
| --- | --- |
| सदर | 5 .6 एमएम |
| स्वार | 22 .4 एमएम |
| बिलासपुर | 43 .5 एमएम |
| मिलक | 31 .4 एमएम |
| शाहबाद | 7 .5 एमएम |
| टांडा | 33 .6 एमएम |

### जानलेवा हुए सड़क के गड्ढे, गड्ढों में गिरकर दो बाइक सवार घायल



रामपुर-स्वार का खस्ताहाल मार्ग।

**सैदनगर**। अजीमनगर थाना क्षेत्र में हुई बारिश ने लोक निर्माण विभाग और सड़क मरम्मत के दावों की पोल खोल दी है। बारिश के बाद सड़कों पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। सोमवार को अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में, हमीरपुर निवासी साइद अहमद मुरसैना से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह खौद के पास पहुंचे, सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भरा होने के कारण उन्हें उसकी गहराई का अंदाजा नहीं हुआ। तेज रफ्तार बाइक गड्ढे में गिरते ही अनियंत्रित हो गई, जिससे साइद अहमद सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। अभी स्थानीय लोग पहले हादसे को देख ही रहे थे कि तभी काशीपुर निवासी हरपाल जो किसी काम से खौद आए हुए थे वह भी इसी बदहाल सड़क का शिकार हो गए। उनकी बाइक भी उसी पानी से भरे गड्ढे में गिरकर फिसल गई। इस दुर्घटना में हरपाल को भी गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि खौद मार्ग पर बने ये गड्ढे आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं। बारिश के मौसम में इन गड्ढों की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

### धार्मिक स्थलों के रास्ते पर फैला रोड़ा हटवाने का प्रशासन ने दिया अल्टीमेटम



लोगों से वार्तालाप करते अधिकारी।

**बिलासपुर**। नगर में धार्मिक स्थलों के समीप मुख्य रास्ते पर फैली निर्माण सामग्री को लेकर प्रशासन ने तीन दिन के भीतर इसको हटवाने का दोनों ही पक्षों को अल्टीमेटम दिया है।स्थानीय लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पालिका और प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पालिका ने दोनों पक्षों को तीन दिन के भीतर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।नगर के मोहल्ला कायस्थान में काफी समय से मंदिर और मस्जिद के बीच वाले रास्ते पर निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी थी। इससे न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही थी, बल्कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक भी फिसलकर चोटिल हो रहे थे। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत नगर पालिका प्रशासन से की थी और मांग की थी कि सार्वजनिक रास्ते को तत्काल प्रभाव से साफ कराया जाए। शिकायत मिलने के बाद उप जिलाधिकारी अरूण कुमार ईओ डॉ नितिन कुमार गंगवार और प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह पुलिस दलबल के साथ सोमवार की दोपहर मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। दोनों पक्षों ने पालिका प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे स्वयं ही रास्ते से कंक्रीट और रोड़ा हटवा लेंगे, जिसके लिए उन्होंने तीन दिन की मोहलत मांगी।वहीं, पालिका प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि तीन दिनों के भीतर रास्ता पूरी तरह साफ नहीं किया गया, तो पालिका की टीम जेसीबी के माध्यम से सामग्री हटवा देगी। इस स्थिति में आने वाले खर्च और जुर्माने की जिम्मेदारी संबंधित पक्षों की होगी। ईओ डॉ नितिन कुमार गंगवार का कहना है कि दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से तीन दिन के भीतर कांक्रीट और रोड़े को हटाए जाने को कहा है।

## एक नजर

### युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, रेफर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गणेश कालोनी निवासी युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गणेश कालोनी में युवक विशाल रहता है। किसी बात को लेकर रविवार की रात 10 बजे युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन युवक को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### जमीन बंटवारे को लेकर सगे भाईयों में मारपीट

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बाबई में जमीन के बटवारे को लेकर सोमवार को सत्यवीर और उसके भाई सागर सिंह के बीच विवाद हो गया। हल्की कहासुनी से बात शुरु होकर गाली गलौज पर पहुंच गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई, लोगों ने दोनों पक्षों को काफी समझाने का किया लेकिन दोनों पक्ष नहीं माने और देखते देखते दोनों के बीच मारपीट हो गई। उसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए।

# चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद खिलाई एक-दूसरे को मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी को चुनावी परिणामों में पश्चिम बंगाल, असम एवं अन्य प्रदेशों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। इसी उपलक्ष्य में भाजपा नगर मंडल द्वारा स्टेशन रोड पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर माल्यार्पण कर विजय उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से जीत का जश्न मनाया गया। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी छोड़कर जीत का जश्न मनाया।


चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई।


चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि यह विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों तथा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की नीति पर अपनी मुहर लगाई है। नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए जो संकल्प लिया था। वहीं आज भाजपा की विचारधारा का आधार है। उन्होंने बंगाल को राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में सशक्त रूप से स्थापित करने का जो सपना देखा था। आज पार्टी की नीतियां और जनता का समर्थन उस विजन को साकार कर रहा है। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वह इसी उत्साह और समर्पण के साथ संगठन को और मजबूत करेंगे तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर सुरेश सैनी, मनोज कठेरिया, विनोद कुमार विन्नी, अश्वनी सक्सेना, विपिन अग्रवाल, राजकुमार ठाकरे, अशोक शर्मा, अंकित जैन, सतीश अरोड़ा, गिरीश रतन, मनोज दिवाकर, हरेंद्र कोहली, तरुण नीरज, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, अमन कोरी, टीएस पाल, संजय बंसल, पप्पू मौर्य, चिंटू शर्मा, नवकांत शर्मा, आकाश आहूजा, प्रवीण व्यास, आशा गोस्वामी, मोक्षिका शर्मा, शीला सागर, शीनू गुप्ता, रेखा सैनी, पुष्पलता पाल, उमा श्रीवास्तव, रिमझिम वाल्मीकि, प्रीति शर्मा, विवेक चौधरी, अनुज कुमार, मुकेश सैनी, संजय पारीख, मुकेश सैनी, नरेश लोधी, राजेश पाल, अमित अग्रवाल, अनुज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतेः डा. राजेंद्र पैंसिया

▸ जनगणना के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का तृतीय चरण प्रारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण सोमवार को प्रारंभ हो गया। जिसमें प्रशिक्षण के लिए कुल 34 बैचों में 1557 कार्मिक नामित किए गए हैं। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस कुल 1557 नामित कार्मिकों के सापेक्ष 1478 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि 79 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रथम दिवस के दौरान प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के प्रभावी उपयोग तथा सटीक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा सभी कार्मिकों को जनगणना के महत्व से अवगत कराते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा कार्य की गोपनीयता पूर्णतः बनाए रखी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि 7 मई से प्रारम्भ होने वाले स्व-गणना अभियान को व्यापक रूप से संचालित किया जाए तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाए।इस दौरान उप जिलाधिकारी रेनू सिंह व अन्य द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया तथा प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण ईमानदारी, सतर्कता एवं लगन के साथ संपादित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।


निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

# पुलिस लाइन निर्माण कार्यों का एसपी ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई की पुलिस लाइन में निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कियआ। जिसमें उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों के पालन तथा कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## रोडवेज से टकराई कार, दो की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** मंडी धनौरा के बिजौरा ढाल पर हाईवे पर सवारियों को उतार रही रोडवेज बस से एक कार पीछे से टकरा गई।

इस भीषण हादसे में कार सवार महिला पुष्पा देवी और चालक नवीन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि महिला का पुत्र सुमित अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। जानकारी के अनुसार, सभी कार से दिल्ली जा रहे थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


डीएम को फूल भेंट कर विदाई देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया को दी भावभीनी विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के जनपद मुरादाबाद स्थानांतरण होने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सहित जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों मौजूद रहे। एसपी द्वारा जिलाधिकारी से भेंट कर उनके कार्यकाल के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी संचालन व जनहित में किए गए सराहनीय कार्यों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी चन्दौसी दीपक तिवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की एंटी रोमियों टीमों द्वारा चलाया जा रहा 'मिशन शक्ति फेज-05' अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन बनाने के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी एवं सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में सोमवार को जनपद की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रांतार्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन करके उनको जागरुक किया गया । साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।


सुरक्षा को लेकर जागरूक करती एंटी रोमियों टीम। -जागरण मोर्चा

## आईटीआई में रोजगार मेला 8 को लगेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सेवायोजन निदेशालय के 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत 8 मई को राजकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस मेले में क्यूएस कॉर्प लिमिटेड (टाटा मोटर्स) ट्रेनी मशीनिस्ट पदों के लिए साक्षात्कार लेगी।खास बात यह है कि चयनित अभ्यर्थी नौकरी के साथ अपनी शिक्षा भी जारी रख सकेंगे। मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक और फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट जैसे ट्रेड से आईटीआई पास युवा भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के 'रोजगार संगम पोर्टल' पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# एसिड अटैकः पति को 10 साल का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड

**न्यायालय ने सास व देवर को दहेज उत्पीड़न मामले में किया दोषमुक्त**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने पत्नी व अन्य पर एसिड डालने के मामले में दोषी पति को 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा न्यायालय ने दहेज उत्पीड़न मामले में सास व देवर को दोषमुक्त किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने बताया कि वादी आदिल ने संभल कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि वह और उनका पुत्र जावेद उर्फ कल्लू, उसकी पुत्री हिना व उसका दामाद एहसान घर में रहते हैं थे। 21 मार्च 2024 को रात एक बजे उनके दामाद एहसान निवासी मोहल्ला शेख पच्चीसा थाना बहजोई ने उनकी पुत्री व पुत्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। उन लोगों ने विरोध किया तो एहसान ने तेजाब डाल दिया और भागने लगा। दामाद ने भागते हुए जान से मारने की धमकी दी। उनकी पुत्री की शादी के बाद से ही उसकी पुत्री की सास अख्तरी बेगम व देवर उस्मान व पति एहसान दहेज के लिए परेशान करते थे। उनके दामाद एहसान ने उनकी पुत्री हिना व उसके पुत्र जावेद के ऊपर तेजा डाल दिया। जिससे वह काफी झुलस गए। उनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आदिल की तहरीर पर दामाद, सास व देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली और विवेचना आरोप कर दी। विवेचक ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में जमा कर दी। मुकदमें की सुनवाई न्यायालय सत्र न्यायाधीश की न्यालय में हुई। जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। न्यायालय ने एसिड की धारा 326ए के अंतर्गत दोषी एहसान को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं न्यायालय ने दामाद एहसान, सास अख्तरी बेगम व देवर उस्मान को दहेज उत्पीड़न की धारा 498ए में दोषमुक्त कर दिया।

## चलती बाइक में लगी आग, कूदकर बचाई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के 35बी रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात चलती बाइक में अचानक आग लग गई। मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी मोटर मैकेनिक आरिफ दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी रेलवे फाटक के पास उनकी बाइक से लपटें निकलने लगीं। आरिफ ने फुर्ती दिखाते हुए बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने पानी की बौछार मारकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक काफी जल चुकी थी। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# सीएचसी में बना 5 बैड का कोल्ड रूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारियों पूरी कर ली है। सीएचसी में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए 5 बैड का कोल्ड रूम तैयार किया गया। जिसमें चिकित्सक के साथ गंभीर मरीजों के लिए हर प्रकार की दवा मौजूद रहेगी।

सीएचसी प्रभारी डा. हरवेंदर सिंह ने बताया कि सीएमओ डा. तरुण पाठक के निर्देश पर सीएचसी परिसर में गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के 5 बैड का कोल्ड रूम तैयार किया गया। जिसमें एसी के साथ-साथ मरीजों के लिए हर समय चिकित्सक की तैनाती की गई है। कोल्ड रूम में वाटर कूलर, एयर कंडीशन, पंखा, आइस पैड, वाटर स्प्रे, टब, तौलिया और मटके का ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। वहीं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सभी चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ को हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए सक्रिय किया गया है। उक्त कोल्ड रूम की रोजाना साफ-सफाई की व्यवस्था रहेगी। ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। रात के समय मरीज अगर कोल्ड रूम में भर्ती रहता हैं, तो वार्ड ब्वाय भी तैनात रहेगा।


सीएचसी के कोल्ड रूम में कार्य करते स्वास्थ्य कर्मी। -जागरण मोर्चा

# गंदा पानी और लो-प्रेशर, जनता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर पालिका के सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंच अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को शहर की समस्याओं के समाधान कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

सभासदों का कहना है कि पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नगर की जनता को विभिन्न क्षेत्रों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिनका शीघ्र समाधान कराना अनिवार्य है। सभासदों ने बताया कि नगर में विभिन्न क्षेत्रों में पानी का प्रेशर कम एवं गंदा पानी जाने की समस्या बनी हुई है। साथ ही लीकेज की समस्या भी आ रही है। नए वाटरकूलर लगवाए की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए। साथ ही पुराने वाटरकूलरों की मरम्मत अविलंब शुरु कराई जाए। वर्षा का मौसम आने से पहले होने वाली नालों की सफाई का कार्य सभासदों व नागरिकों की देखरेख में शुरू कराया जाए। मालगोदाम सड़क, सीता सोत सड़क व हाइवे की लाइट का प्रस्ताव पास हो चुका हैं, इसे बिना देरी के कार्य शुरू कराया जाए। नाला निर्माण के कार्य में अवर अभियंता एवं ठेकेदार/फर्म की लापरवाही सामने आ रही है, हाल में निर्मित सभी नाला निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। फव्वारा चौक स्थित गांधी प्रतिमा के कार्य को बिना शर्त तुरंत पूरा कराया जाए। बैंडिंग जोन के स्वीकृत प्रस्ताव पर आगामी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में तरुण कुमार नीरज, नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, अमन कोरी, निशांत शर्मा, शिव कुमार सैनी, शहबाज खान आदि सभासद मौजूद रहे।


नगर पालिका कार्यालय में ईओ को ज्ञापन सौंपते सभासद। -जागरण मोर्चा

## पाक्सोः दोषी को 4 साल की जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) ने नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी जीशान को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र का है, जहां दिसंबर 2021 में आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 17 वर्षीय किशोरी को घर में खींचने का प्रयास और अश्लील हरकतें की थीं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जीशान को दोषी करार देते हुए सजा मुकर्रर की।

# भजनों के साथ कथा सुनकर श्रद्धालु भक्तिमय झूमे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही भव्य श्री राम कथा के षष्ठम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी श्री विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कथा का प्रवाह किया। भजनों के साथ कथा सुनकर श्रद्धालु भक्तिमय झूमने को मजबूर हो गए।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विवाह के उपरांत जब चारों भाई अपनी पत्नियों सहित अयोध्या पधारे, तब महाराज दशरथ ने माता कौशल्या और सुमित्रा से कहा कि जनक की सुकुमारी पुत्रियां हमारे यहां वधू बनकर आई हैं। इनकी देखभाल इस प्रकार करना जैसे आंख की पुतली आंख की रक्षा करती है। उन्होंने आगे कहा कि एक समय राजा दशरथ राज सिंहासन पर बैठे विचार कर रहे थे कि अब श्री राम को राजा बना देना चाहिए और गुरु वशिष्ठ से विचार-विमर्श किया। गुरु वशिष्ठ जानते थे कि यह शुभ समय राम के राज्याभिषेक का नहीं है। उन्होंने कहा महाराज वही समय शुभ होगा जिस समय भगवान राम राज सिंहासन पर विराजमान होंगे। परन्तु दशरथ इस तात्पर्य को नहीं समझ पाए और घोषणा कर दी कि श्री राम का राज्याभिषेक होगा।माता सरस्वती के प्रभाव से मंथरा ने अपनी कुचक्र-बुद्धि से कैकेयी को भड़काया। कैकेयी ने राजा दशरथ से श्री राम के स्थान पर भरत के राज्याभिषेक और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। भगवान श्री राम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ वन को चल दिए। मार्ग में अपने भक्त केवट को चरण धोकर पूरे कुल का उद्धार किया। निषादराज से मित्रता की और संतों पर कृपा करने हेतु चित्रकूट में निवास किया। इधर अयोध्या में श्री राम के वियोग में दशरथ ने प्राण त्याग दिए। भरत ने राज्य स्वीकार करने से इंकार कर दिया और श्री राम से मिलने चित्रकूट पहुंचे। श्री राम ने अयोध्या लौटने से मना कर दिया और कहा हे भरत! मेरी चरण पादुका ले जाकर राज सिंहासन पर विराजित करो और राज्य की रक्षा करो। भगवान श्रीराम चित्रकूट त्यागकर पंचवटी में कुटिया बनाकर निवास किया। वहां शूर्पणखा आई, लक्ष्मण ने उसके नाक-कान काटकर भेज दिया। इस दौरान अनूप अग्रवाल, जिवेन्द्र अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, सुधांशु रूस्तगी, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अमित आयरन, पप्पू सेठ, प्रदीप कुमार अग्रवाल, लव-कुश अग्रवाल,पुनीत सर्राफ,वीरेन्द्र गुप्ता,अवनीश जिंदल,विवेक अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल आदि का सहयोग दिया।


श्री राम कथा सुनतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### श्री झारखंड महादेव मंदिर में गूंजे शिव-पार्वती विवाह के जयकारे

**हसनपुर।** नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर रहा। वृंदावन से आई कथा वाचिका पूनम ने शिव–पार्वती विवाह का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव–विभोर हो उठे। कथा के दौरान वाचिका ने बताया कि शिव–पार्वती का विवाह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक कल्याण और धर्म स्थापना का प्रतीक है। विवाह प्रसंग के सजीव वर्णन से पूरा कथा पंडाल 'हर–हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और भजनों पर झूमकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कथा के दौरान आयोजित दिव्य विवाह उत्सव ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विजय, गिरजा शंकर, शगुन, पृथी, मुकेश, अमित, प्रियंका, आंचल गुप्ता, सलोनी अग्रवाल, माया देवी, वंदना, पूजा अग्रवाल, चंचल और राज अग्रवाल सहित नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।

# भाजपा की जीत पर बंटी मिठाई, मना जीत का जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय








**गजरौला।** बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल नगाड़े पर झूमते हुएआतिशबाजी छोड़ी और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

नगर के एमडीए कालोनी स्थित कैम्प कार्यालय पर विधायक राजीव तरारा ने कार्यकर्ताओं को झालमुड़ी और मिठाई खिलाई। ढोल नगाड़े की थाप पर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने जमकर नृत्य किया और बंगाल की जीत को ऐतहासिक बताते हुए कहा कि, बंगाल में ममता बनर्जी की तानाशाही का युग समाप्त हुआ, अब वहां पर सुशासन का राज होगा।

इस मौके पर डा.रविभूषण शर्मा, वैभव गोयल, हर्ष सिंघल, प्रशांत सिंघल, सतवीर सिंह, शशि चौहान, रामकृष्ण चौहान, अशोक चौधरी, हरेंद्र सिंह, सुशील सिद्धू, हैप्पी बंसल, सतीश त्यागी, निहार त्यागी, मनमोहन सेन, उत्तम सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर की टीचर्स कॉलोनी में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी और उनके पति चौ.विरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी छोड़कर जीत का जश्न मनाया।

इस मौके पर रामरतन सिंह, महेश प्रधान, सतेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, करन सैनी , सतवीर सैनी, मनोज चौहान, पिंटू धारीवाल, राजीव, प्रदीप सैनी,रोहित शर्मा, आयुष चौधरी, अजित, ब्रजपाल सिंह, हैप्पी प्रधान, अंकुर नागर, मगन सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर के इंदिरा चौक पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया और आतिशबाजी छोड़ी। इस मौके पर राजीव शुक्ल, ब्रजेश अग्रवाल, अरविंद कुमार, चंद्रपाल सिंह, प्रमोद कुमार, विरेन्द्र देवल, अजय गोस्वामी, जागेश शर्मा, लोकेश रावत, योगेश चौधरी, पियूष चौधरी आदि मौजूद रहे।

## बंगाल व असम में भाजपा की जीत पर जश्न

### पालिका अध्यक्ष के आवास पर बंटी मिठाइयां

**हसनपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। सोमवार को पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों में पार्टी की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशियां मनाईं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के भरोसे की जीत है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने विकास को चुना है और यह जीत कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है। जश्न के माहौल में विक्रांत शर्मा, इशांत सैनी, रानू रस्तोगी, बॉबी शर्मा, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, राहुल सैनी, विपिन सैनी, संजय सहदेव, नितिन सैनी, राहुल दक्ष, सौरभ सैनी, लोकेश अग्रवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पार्टी की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत बताया।



# महिला अस्पताल में फायर मॉक ड्रिल

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से दमकल विभाग ने महिला अस्पताल में मॉक ड्रिल एवं फायर एंड रेस्क्यू प्रशिक्षण अभियान आयोजित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडे और फायर स्टेशन ऑफिसर ज्ञान प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी गई।

मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास कराया गया। कर्मचारियों को अलार्म बजाने, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही बिजली व ज्वलनशील पदार्थों से लगने वाली आग बुझाने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप वाष्णेय ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आपात स्थितियों में सही निर्णय लेने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं। इस दौरान अग्निशमन उपकरणों की जांच, रखरखाव और उपयोग की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में फायर टीम के स्वतंत्र कुमार, राजपाल तोमर, अश्वनी, जुबेर आलम व शुभम कुमार सहित अस्पताल के सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जातिसूचक टिप्पणी पर आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर में सोशल मीडिया पर जातिसूचक टिप्पणी को लेकर तनाव व्याप्त है। पीड़ित दिनेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गौतम बुद्ध पूर्णिमा के कार्यक्रम का वीडियो 'फैमिली क्लब' व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किया था। आरोप है कि सोमवार को गांव के ही एक युवक ने ग्रुप में ऑडियो क्लिप डालकर अनुसूचित जाति के प्रति अभद्र और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया।इस टिप्पणी से समाज में गहरा रोष है। पीड़ित ने ऑडियो साक्ष्य पुलिस को सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## किसान की नलकूप पर करंट लगने से मौत, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली में एक हृदयविदारक घटना आई सामने। हरियाणा के गांव शेखपुर-बागपुर में वेल्डिंग मिस्त्री का काम करने वाले 42 वर्षीय मजदूर हरिराज की नलकूप पर सिंचाई करते समय हाई वोल्टेज करंट लगने से मौत हो गई।

हरिराज 30 अप्रैल को ही होली के बाद अपने घर लौटे था। रविवार देर शाम हरिराज गांव से 700 मीटर दूर स्थित अपने नलकूप पर गन्ना फसल की सिंचाई के लिए गए थे। जैसे ही उन्होंने स्टार्टर दबाया,तभी हाई टेंशन विद्युत करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। पास ही मौजूद उनके बेटे गौरव ने पिता को तड़पता देख शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार, नलकूप का ट्रांसफार्मर पहले से खराब था, जिसकी जानकारी मृतक को नहीं थी।परिजन के द्वारा आनन-फानन में गंभीर रूप से झूठों से हरी राज को नगर के निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह सूचना पर हल्का दरोगा सुभाष बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक हरिराज की पत्नी चंद्र कौर व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## पुलिस को मिली 12 नई पीआरवी गाड़ियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** जनपद की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन से 12 नई अत्याधुनिक पीआरवी स्कॉर्पियो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपी-112 मुख्यालय से प्राप्त ये वाहन आधुनिक उपकरणों जैसे फर्स्ट एड बॉक्स और क्राइम प्रोटेक्शन किट से लैस हैं।एसएसपी ने बताया कि ये गाड़ियां आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगी, जिससे घटनास्थल पर तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। इन अत्याधुनिक वाहनों के बेड़े में शामिल होने से जिले में प्रभावी गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर व बिजली को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भूमि के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन के बाद उप जिलाधिकारी कार्यालय में किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा भाकियू ने बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कड़ा विरोध किया।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटरो के कारण उपभोक्ताओं के बिल अत्यधिक आ रहे हैं जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। मांग करते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। और जिन उपभोक्ताओं के गलत बिल आए हैं।उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए ।जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बेहद कम हो रही है। जर्जर जर्जर लाइनो के कारण आपूर्ति सुचारू नहीं है। भाकियू ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार पर्याप्त बिजली देने और बिजली लाइनों के मरम्मत की मांग की है। संगठन ने गैस की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने की मांग की है। इसके अतिरिक्त एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग भी उठाई गई। ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा न हो ।प्रदर्शन करने वालों में अब्दुल कादिर, असद, इरशाद, राजा, रिहान, अर्बन, राज हुसैन, मोहम्मद अफसर, शोएब, सलीम, मोहम्मद अली, यामीन आदि कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## नगर निगम की तैयारियों की पोल खुली , सड़कों पर भरा पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ बारिश में कई इलाकों में जलभराव, लोगों को आवागमन में हुई भारी परेशानी

**मुरादाबाद।** सोमवार सुबह हुई बारिश ने नगर निगम के दावों की पोल खोल दी। शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

नगर निगम द्वारा हर वर्ष बारिश से पहले नालों की सफाई और तली झाड़ने का दावा किया जाता है, ताकि जलभराव की स्थिति न बने। हालांकि, इस बार भी पहली ही बारिश में यह व्यवस्था पूरी तरह विफल नजर आई। शहर के झब्बू का नाला, नई सड़क, रेती मोहल्ला, मियां कॉलोनी (वार्ड 69) समेत कई क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। कई जगहों पर हालात ऐसे बने कि सड़कें जलमग्न हो गईं और राहगीरों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा।

लोगों का कहना है कि हर साल निगम की ओर से सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रहती है। नागरिकों ने नगर निगम से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आगे होने वाली बारिश में ऐसी समस्या दोबारा न हो।

## ट्रेन मैनेजर ने लौटाया यात्री का पर्स

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद रेल मंडल में ट्रेन मैनेजर की तत्परता और जिम्मेदारी का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। काठगोदाम-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12092 में यात्रा के दौरान एक यात्री का कीमती सामान से भरा पर्स गाड़ी में छूट गया, जिसे सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार 3 मई को ट्रेन मैनेजर जीसी शुक्ला मुरादाबाद से देहरादून तक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान नजीबाबाद स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान के बाद उन्हें ट्रेन मैनेजर सुनील पाल से सूचना मिली कि रामपुर से नजीबाबाद के बीच कोच डी-8 की सीट संख्या 47, 50, 51 और 52 पर यात्रा कर रहे यात्री का लेडीज पर्स ट्रेन में ही छूट गया है। यात्री नजीबाबाद स्टेशन पर उतर चुका था और काफी परेशान था। सूचना मिलते ही जीसी शुक्ला ने तत्काल आरपीएफ कंट्रोल और ऑपरेटिंग कंट्रोल को जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन में तैनात एसी स्टाफ और ऑन-ड्यूटी टीटीई के सहयोग से पर्स को खोजकर बरामद कर लिया गया। ट्रेन के अगले ठहराव हरिद्वार स्टेशन पर यात्री के रिश्तेदार को बुलाया गया। वीडियो कॉल के माध्यम से पर्स की पहचान सुनिश्चित करने के बाद आरपीएफ की मौजूदगी में पर्स सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया। यात्री और उसके परिजनों ने ट्रेन मैनेजर और रेलवे की इस तत्परता और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार जताया। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे की सेवा भावना और यात्रियों के प्रति जिम्मेदारी को उजागर किया है।

नर्सिंग–दीक्षा | तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट

# टीएमयू में एक्सपर्ट ने नर्सों को दिए बर्नआउट से उबरने के टिप्स

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** फ्लोरेंस नाइटिंगेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नई दिल्ली की सीनियर फैकल्टी डॉ. हिमालयानी शर्मा ने पीयर सपोर्ट, रेस्पॉन्स, प्रीपेयर्डनेस, रिकवरी, एकसेप्टेंस, विलीफ, कमिटमेंट, डिस्कवरी, इवेल्यूऐट, इंजॉय, सेल्फ लव, रेसीसटेंस, सस्टेनेबिलिटी, ऐसेसेबिलिटी, प्रोफेशनल डवलपमेंट, कोलाबेरेशन लर्निंग सरीखे शब्दों की गहनता से व्याख्या करते हुए नर्सों से जीवन में इन्हें आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हम करते हैं। सच तो यह है, हमारे मस्तिष्क में थिंकिंग की असीम क्षमताएं हैं। पॉजिटिव सोचते है, तो पॉजिटिव करते हैं, नेगेटिव सोचते हैं, तो नेगेटिव करते हैं। उन्होंने कहा, नर्सों को स्ट्रेस से बचने के लिए मेडिटेशन, योग, हेल्दी फूड, पॉजिटिव थिंकिंग को अपनाना चाहिए। साथ ही कहा, अपने कार्य पर फोकस बनाए रखें, कभी भी हार नहीं मानें। टीबी उन्मूलन पर बोलते हुए कहा, जैसे हमने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनाया है वैसे ही हम अपने सार्थक प्रयासों से टीबी मुक्त राष्ट्र बना सकते हैं। डॉ. शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट, सस्टेनेबल, ऐसेसेबल हेल्थकेयर फॉर ऑल- ए नर्सिंग पर्सपेक्टिव पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. हिमालयानी शर्मा, फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एक्सपर्ट टॉक का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि को बुके और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने उम्मीद जताई, यह एक्सपर्ट टॉक नर्सिंग स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम. ने एक्सपर्ट टॉक की थीम पर विस्तार से प्रकाश डाला। टॉक में डॉ. शालिनी जोशी, डॉ. मनोरंजनी जे., श्री रितिक सैनी के संग-संग पोस्टबेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी सुश्री आरती चौधरी ने किया।

## शराब की दुकान बंद कराने को गरजीं महिलाएं

**गजरौला।** शराब की दुकान बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने शराब की दुकान पहुंचकर दुकान का शटर गिरा दिया और नारेबाजी करके शराब की दुकान का विरोध जताया। सोमवार की थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाई में महिलाएं एकत्र होकर शराब की दुकान पर पहुंची और दुकान का शटर गिराकर बंद करा दिया। महिलाओं का आरोप है कि शराब पीने वाले लोग आने-जाने वाली महिलाओं को बुरी नजर से देऽते हैं और कहीं भी खड़े होकर पेशाब करने लगते हैं, जिससे काफी समस्या बनी रहती है। इतना ही नहीं शराबी एक दूसरे के साथ गाली गलौच करते हैं और आए दिन मारपीट भी होती रहती है। महिलाओं ने बताया है कि जहा पर शराब की दुकान है, वहां के आसपास दो विद्यालय भी स्थित हैं। महिलाओं और प्रधान ओमकार सैनी ने जिलाधिकारी और आबकारी विभाग से शराब की दुकान को यहाँ से हटवाने की मांग की है, और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। इस मौके पर अनीता, शकुंतला, मिथिलेश, आशा, राजवती, अंगूरी, कृष्णा देवी, रीना, सविता, ब्रह्म सिंह, लकी, संजीव आदि मौजूद रहे।

## नाले में मिला युवक का शव

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के श्रीराम चौक के पास नाले में सोमवार को युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में शिनाख्त रामगंगा विहार निवासी विक्की के रूप में हुई।

एडवोकेट नितिन सक्सेना
(अधिवक्ता विधिक सलाहकार)
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड रामपुर,
मोबाईल नंबर- 9411455178

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार आवास फ़ाईनेन्सर्स लिमिटेड रामपुर के निर्देश पर नोटिस दिया जाता है ऋणी जाकिर मियां पुत्र श्री इस्माईल ने अपनी एक संपत्ति स्थित मोहल्ला ठाकुरद्वारा कस्वा फतेहगंज प0 राजस्व ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ़ फतेहगंज प0 परगना बरेली तहसील मीरगंज जिला बरेली को बंधक रख ऋण प्राप्त हेतु आवेदन किया है। पूर्व में उक्त संपत्ति जो कि तहसील मीरगंज ग्राम भिटौरा नौगवां उर्फ़ फतेहगंज प0 में गाटा संख्या 771/1 तथा नई गाटा संख्या 471 रक्वई 359 .53 वर्ग मीटर या 430 वर्ग गज् के मालिक इस्माईल पुत्र श्री अब्दुल्ला जरिये बयनामा जिसका बही नं0 1, जिल्द नं0 2631, पृष्ठ 388 / 390 क्रमांक नं0 82 एवं दिनांक 05/01/1987 उप–निबंधक जिला बरेली में पंजीकृत है। उनके देहांत के बाद उनके दो पुत्र नासिर अली व ज़ाकिर मियां एवं दो पुत्रियाँ खातून बी व रीना बी ( जो कि इनके वारिस हैं वारिसान में दर्ज हैं )। उपरोक्त संपत्ति में से इस्माईल पुत्र श्री अब्दुल्ला द्वारा 175 वर्ग गज दिनांक 09/01/2009 को वसीयत कर दी है, जिसका पुस्तक संख्या 3, खंड संख्या 13, पृष्ठ संख्या 193/198 व क्रमांक संख्या 4 है जो कि उपनिबंधक मीरगंज जिला बरेली में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति से सम्बंधित आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड रामपुर से ऋण प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त संपत्ति का आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड रामपुर द्वारा बंधक किये जाने पर आपत्ति या एतराज है तो वो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर मुझे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय और बंधक के सम्बन्ध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड रामपुर उक्त संपत्ति को बंधक रख कर ऋणी के हक़ में ऋण जारी कर देगी।

एडवोकेट नितिन सक्सेना
(अधिवक्ता विधिक सलाहकार)
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड रामपुर,
मोबाईल नंबर- 9411455178

# सरकारी कर्मचारियों के तबादलों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले 31 मई तक किए जाएंगे। इसके लिए सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई। जिले में 3 साल और मंडल में 7 साल पूरे कर चुके अधिकारी और कर्मचारी स्थानांतरित किए जाएंगे।

कैबिनेट से पास प्रस्ताव में कहा गया है कि यह स्थानांतरण नीति वर्ष 2026-27 के लिए है। समूह क व ख के ऐसे अधिकारी जो अपने सेवाकाल में किसी जिले में 3 वर्ष पूरे कर चुके हैं, उनका तबादला किया जाएगा। मंडल में तैनाती की यह अवधि 7 वर्ष की होगी। विभागाध्यक्ष और मंडलीय कार्यालयों में की गई तैनाती की अवधि को इस समयसीमा में नहीं गिना जाएगा।

मंडलीय कार्यालयों में तैनाती की अधिकतम सीमा तीन वर्ष होगी और इसके लिए सर्वाधिक समय से कार्यरत अधिकारियों के स्थानांतरण प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की व्यवस्था की गई है। समूह क व ख के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों की संख्या के अधिकतम 20 प्रतिशत और समूह ग व घ के कार्मिकों के स्थानांतरण संवर्गवार कुल कार्यरत कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत सीमा तक किए जा सकेंगे।

समूह ग के लिए पटल परिवर्तन व क्षेत्र परिवर्तन के संबंध में 13 मई 2022 के शासनादेश के अनुसार व्यवस्था इस बार भी लागू रहेगी। समूह ख व ग के कार्मिकों के स्थानांतरण यथासंभव मेरिट आधारित ट्रांसफर सिस्टम के आधार पर किए जाने की व्यवस्था की गई है। मंदित बच्चों व चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती विकल्प प्राप्त करके ऐसे स्थान पर किए जाने की व्यवस्था की गई है, जहां उसकी उचित देखभाल व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था हो। केंद्र सरकार से घोषित 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकास खंडों में में तैनाती संतृप्त किए जाने की व्यवस्था की गई है। स्थानांतरण सत्र के बाद समूह क व ख के तबादले विभागीय मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री के अनुमोदन से ही हो सकेंगे।

कैबिनेट ने तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत तीन नियमों की गाइडलाइन को मंजूरी दी। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ई-साक्ष्य, ई-समन और सामुदायिक सेवा से संबंधित मॉडल नियम (गाइडलाइन) इलाहाबाद हाईकोर्ट की सहमति से तैयार की गई है। इन नियमों के प्रभावी होने से समन ईमेल, मोबाइल और मैसेजिंग एप के जरिए भेजे जा सकेंगे।

उत्तर प्रदेश ई-साक्ष्य प्रबंधन नियम 2026 के जरिये डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण और न्यायालय में प्रस्तुत करने की एक वैज्ञानिक एवं मानकीकरण व्यवस्था स्थापित की गई है। इससे साक्ष्यों की अखंडता (एंटिग्रिटी) और चेन ऑफ कस्टडी सुनिश्चित की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक आदेशिका (ई-समन) नियम, 2026 के तहत समन एवं वारंट इलेक्ट्रानिक तरीके से जारी हो सकेंगे। ईमेल, मोबाइल और मैसेजिंग एप के जरिए उनका तामीला कराया जा सकेगा। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

## ऊर्जा मंत्री का बड़ा फैसला- प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर व्यवस्था हुई खत्म

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश में सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था पूरी तरह से खत्म कर दी गई। जिन उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगे हैं, वे भी पोस्टपेड की तरह ही काम करेंगे।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतें मिली रही थीं। विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट /प्रीपेड मीटर से आ रही तकनीकी दिक्कत के मद्देनजर फैसला लिया गया है कि सभी उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर सामान्य पोस्ट-पेड मीटर की तरह ही कार्य करेगा।

जैसे ही उपभोक्ता पहले मासिक बिल भरते थे वैसे ही हर माह की एक से 30 तारीख तक का बिल अगले दस दिन में एसएमएस या ह्वाट्सऐप पर भेजा जाएगा। बिल मिलने के बाद दी गई समय सीमा में उपभोक्ता को बिल जमा करना होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने फोन नंबर नहीं दर्ज कराया है वे तत्काल दर्ज करा लें और बिजली विभाग से आने वाले संदेश संदेश को ध्यान दें। ऊर्जा मंत्री ने कहा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशआ में माह के अंदर बिजली नहीं काटें। जिन उपभओक्ताओं का पहले से बकाया है, वे 10 किस्तो में भुगतान कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक्स पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का फैसला वापस लेने संबंधी जानकारी देते हुए देवो भवः की बात कही और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को नमन किया।

## एक नजर

### अमेठी में महिला से सामूहिक बलात्कार के आरोप में दो गिरफ्तार

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में 24-वर्षीय एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोप में सोमवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना गौरीगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में शनिवार शाम को उस वक्त घटी, जब महिला खेत में गई थी। पुलिस ने बताया, ''जब महिला खेत में गई तो उसी गांव के रहने वाले दो आरोपियों ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने रविवार सुबह गौरीगंज पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। गौरीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण मिश्रा ने कहा कि शिकायत के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को मिला मुआवजा

**सीतापुर।** जिले में मार्च एवं अप्रैल माह में हुई आकस्मिक वर्षा से प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति राशि वितरित की गई। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने किसानों को बीमा राशि के चेक प्रदान किए। उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न विकास खंडों से कुल 1534 किसानों के बीमा दावे प्राप्त हुए थे, जिनमें से बीमा कंपनी द्वारा 481 दावों को स्वीकृत किया गया। इन स्वीकृत दावों के तहत कुल 17 .32 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की जा रही है। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से कुछ किसानों को चेक प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 1,00,607 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजा गणपति आर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीएमसी का 'भय' परास्त, प्रधानमंत्री मोदी का 'भरोसा' विजयी
### बंगाल में भाजपा की जीत पर पंकज चौधरी ने जताई खुशी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बंगाल में टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) का 'भय' परास्त हुआ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 'भरोसा' विजयी हुआ है।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय से जारी एक बयान में चौधरी ने यह दावा किया। बयान के अनुसार पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पंकज चौधरी ने कहा, ''गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा को मां गंगा और जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिल रहा है।'' चौधरी ने कहा, ''बंगाल में टीएमसी का 'भय' परास्त हुआ है और प्रधानमंत्री मोदी जी का 'भरोसा' विजयी हुआ है।'' उन्होंने कहा कि असम में लगातार तीसरी जीत ने साबित कर दिया है कि जनता अब केवल 'कौशल प्रदर्शन' की राजनीति में रुचि ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत से उठी यह लहर उत्तर प्रदेश के 'मिशन 2027' को अभूतपूर्व ऊर्जा प्रदान करेगी।''

चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को इस विजय का आधार बताते हुए इसे देश में विकास, सुशासन और विश्वास की राजनीति की जीत बताया। उन्होंने कहा, ''भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि साल के 365 दिन जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं। हमारा संकल्प है कि 'डबल इंजन' सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए।''

उन्होंने कहा, ''बंगाल और असम का यह परिणाम तो केवल ट्रेलर है, उप्र 2027 में सुशासन की 'हैट्रिक' के साथ पूरी पिक्चर अभी बाकी है!'' प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी संगठन को और सशक्त बनाते हुए 'मिशन 2027' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुटे हैं।

## पूरे प्रदेश में हुई बारिश से पारे ने लगाया गोता

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** बदले मौसम के बीच उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को भी आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। संभल में सर्वाधिक 130 मिमी और कासगंज में 97 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बरेली में 54.6 मिमी, बाराबंकी में 53 मिमी, मुरादाबाद में 45 मिमी और गोरखपुर में 41.4 मिमी बारिश हुई।

सोमवार को बलरामपुर, अलीगढ़ और गोरखपुर समेत कई जिलों में 80 से 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। इसके असर से अधिकतम तापमान सामान्य से 10 से 12 डिग्री तक गिर गया। तराई क्षेत्रों में ठंडक और सिहरन महसूस की गई। बाराबंकी में 26.5 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज हुआ, जो सामान्य से 12.1 डिग्री कम रहा। शाहजहांपुर 27.8 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए 21 जिलों में गरज-चमक और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 30 जिलों में 70 किमी प्रति घंटे तक तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले तीन दिन तक प्रदेश में आंधी, बारिश और वज्रपात की गतिविधियां जारी रहेंगी। पांच से सात मई के बीच भी कई क्षेत्रों में तेज हवाएं और ओले गिरने की संभावना है।

### यहां है 70 किमी/घंटा तक की झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर व आस पास के क्षेत्र।

- मंगलवार को इन जिलों में आंधी और ओले गिरने का अलर्ट जारी

### इन जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या , अंबेडकर नगर व आस पास के क्षेत्र।

## यूपी में किसानों की बल्ले-बल्ले! हाईटेंशन टावर की जमीन के लिए अब मिलेगा मोटा मुआवजा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के हक में एक बड़ा कदम उठाते हुए खेतों में होकर गुजरने वाली 765 केवी, 400, 220 और 132 केवी की 'हाईटेंशन लाइनों' (अधिक वोल्टेज वाले विद्युत पारेषण तार) के टावर (खंभों) के नीचे आने वाली जमीनों का दोगुना मुआवजा देने का फैसला किया है। सोमवार को मंत्रिमंडल ने ऊर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के साथ मौजूद ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस दिशा में भारत सरकार ने नये निर्देश जारी किये हैं और दो बहुत अच्छी व्यवस्था किसानों के हित में उप्र सरकार ने अपनाने का निर्णय लिया गया है। शर्मा ने बताया कि पहला निर्णय यह है कि खेतों में जो बिजली के टावर लगाए जाते हैं, वह चार खंभों वाले पाये पर टिके होते हैं।

शर्मा ने कहा कि इन टावर के खंभों के बीच की जमीन के अलावा हर खंभे के चारों आरे एक मीटर की त्रिज्या में जो भी अतिरिक्त जमीन आएगी, इन दोनों भाग के कुल क्षेत्रफल की जितनी भी कीमत होगी उसका दो सौ प्रतिशत (दोगुना) मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार तार खींचने से जो खेती प्रभावित होती है, उसमें जमीन की कीमत का 30 प्रतिशत देने का प्रस्ताव है।

शर्मा ने कहा कि आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस प्रकार 765, 400, 220 और 132 केवीए के हाईटेंशन लाइनों से होने वाली क्षति के तहत किसानों को मिलने वाले मुआवजे में 21 प्रतिशत से लेकर 33 प्रतिशत तक अनुमानित वृद्धि होने की संभावना है। किसानों को इसमें ज्यादा लाभ होगा।

शर्मा ने पूर्ववर्ती स्थितियों पर चर्चा करते हुए कहा कि हाईटेंशन तार (765 केवी, 400 केवी, 220 और 132 केवी की लाइनें) जिन बड़े-बड़े खंभों के जरिये ले जाए जाते हैं उन खंभों के नीचे की किसानों की भूमि प्रभावित होती है, इसलिए इस भूमि के लिए किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए।

## दिल्ली से लखनऊ आ रही उड़ान भोपाल डायवर्ट
### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक-केशव प्रसाद मौर्य थे सवार

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण दिल्ली में हवाई यातायात प्रभावित हुआ, जिससे 15 उड़ानों को लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों फ्लाइटें प्रभावित रहीं। यात्रियों को काफी परेशानी हुई, हालांकि मौसम सुधरने पर सभी उड़ानों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

मौसम में बदलाव के चलते अमैसी एयरपोर्ट पर बीती रात से लेकर सोमवार सुबह तक विमानों का जमावड़ा हो गया। करीब डेढ़ दर्जन विमानों को डायवर्ट कर लखनऊ में उतारा गया। इतना ही नहीं दिल्ली से भोपाल जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6476 से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक लखनऊ आ रहे थे। यह विमान सुबह 7:16 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हुआ। विमान जब लखनऊ पहुंचा तो खराब मौसम के चलते लैंड नहीं कर सका। पायलट ने लैंडिंग के लिए तीन बार प्रयास किए, लेकिन उसकी कोशिशें सफल नहीं हुईं। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी से अनुमति मिलने पर विमान को भोपाल डायवर्ट कर दिया गया। करीब 2:26 घंटे की देरी से सुबह 10:26 बजे भोपाल एयरपोर्ट लैंड हुआ। सूत्रों के अनुसार मौसम सामान्य होने के बाद विमान को वापस लखनऊ लाया गया। दोपहर करीब 12:30 बजे विमान दोनों मुख्यमंत्रियों को लेकर लखनऊ में लैंड हुआ।

## अंबेडकरनगर नरसंहार : मां नहीं, आमिर था कातिल
### जिसे हत्यारा समझा उसकी ही हत्या हुई, पोस्टमॉर्टम में हुआ खुलासा

एजेंसी समाचार



**अम्बेडकरनगर।** अंबेडकरनगर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में पोस्टमार्टम से स्पष्ट हुआ कि महिला की हत्या कुंद वस्तु से सिर पर वार कर की गई। पहले जिस पर शक था, वह आरोपी नहीं निकला। घटना के बाद इलाके में शोक और गुस्सा है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

अकबरपुर के मुरादाबाद मोहल्ले में घर से करीब 100 मीटर दूर नाले में मिले महिला गासिया खातून के शव का पोस्टमार्टम सोमवार भोर करीब चार बजे कराया जा सका। पोस्टमार्टम में बच्चों की तरह ही महिला के सिर पर कुंद वस्तु से प्रहार से मौत होने की पुष्टि हुई है।

हत्या शुक्रवार रात 12 से दो बजे के बीच होने की बात सामने आ रही है। हालांकि महिला के गर्दन के पिछले हिस्से में भी चोट का निशान है। हत्याकांड और एनकाउंटर के बाद से मीरानपुर की गलियों में मातमी सन्नाटा पसरा है और कसड़ा गांव में गम और गुस्से का माहौल है।

गासिया खातून के शव का डॉ. गौरी पांडेय, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इससे पहले पुलिस को पंचनामा भरवाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। रविवार शाम को महिला का शव मिलने के बाद नियाज के भाई सलीम, मुबारक और गासिया के भाई वजीर अहमद व बहन राबिया समेत अन्य लोग कोतवाली पहुंचे थे। इनकी मांग थी कि गासिया के शव को उन्हें दिखाया जाए। ठीक इसी समय एडीजी का दौरा होने के कारण परिजनों की कोई सुनवाई नहीं हो सकी तो वह वापस लौट गए। रात करीब 11 बजे पुलिस ने गासिया के शव का पंचनामा कराने के लिए परिजनों से संपर्क करना शुरू किया। पहले तो परिजनों को अकबरपुर बुलाया जाता रहा लेकिन उनके मना करने पर रात करीब दो बजे पुलिस टीम कसड़ा गांव पहुंची।

## दो बाइकों की भिड़ंत के बाद मदद करने पहुंचे लोगों को कार ने कुचला, आठ की मौत

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** जलालपुर के अशरफपुर भुआ भट्ठे के पास रविवार रात देर रात सड़क हादसे में घायल युवक की मदद करने रुके राहगीरों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया और गड्ढे में चली गई। हादसे में सगे भाइयों समेत आठ लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश में आजमगढ़ में दबिश देनी शुरू की है।

कटका के सेमरा निवासी अमित (22) अपने मित्र गौतम (22) व उत्तम (23) के साथ सुल्तानपुर के दोस्तपुर क्षेत्र में शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब 12 बजे अकबरपुर-जलालपुर मार्ग के बाद यह लोग बाइक से वापस लौट रहे थे। जलालपुर इलाके के अशरफपुरभुआ वर्मा ईंट भट्ठे के पास सम्मनपुर के इटरौरा निवासी कैफी (38) की बुलेट बाइक किसी वाहन की टकराने के कारण सड़क पर गिर गई थी। अमित, गौतम व उत्तम के अलावा जलालपुर के पट्टी निवासी लालचंद (24), सम्मनपुर के जैनापुर निवासी आदित्य (24), उनके छोटे भाई दिव्यांशु (17), कल्याणपुर निवासी साहिल (32), इंद्रेश (30) व सिकंदरपुर निवासी राजू गुप्ता (30) ने भी बाइकें रोककर मदद शुरू की। सभी लोग कैफी को अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे।

इसी दौरान जलालपुर से अकबरपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने सभी को रौंद दिया और सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। दुर्घटना में घायल सभी 10 लोगों को सीएचसी नगपुर ले जाया गया। यहां लालचंद, उत्तम, दिव्यांशु, आदित्य, कैफी व इंद्रेश को मृत घोषित कर दिया गया। साहिल और राजू की हालत नाजुक देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर रेफर कर दिया गया, जहां इनकी भी मौत हो गई। सेमरा निवासी गौतम व अमित को मामूली चोटें आई जिन्हें घर भेज दिया गया।

**दिक्कत** 20 लाख आबादी पानी-बिजली को तरसी, उखड़े दर्जनों पेड़

## आंधी-बारिश से पटरी से उतरी बिजली व्यवस्था

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार शहर से गांव तक की 20 लाख की आबादी को आंधी - पानी ने आठ घंटे तक बिजली-पानी को तरसा दिया। यह संकट 50 ज्यादा 33 हजार, 11 हजार, 440 वोल्ट करंट की लाइनों पर पेड़ गिरने के कारण 40 खंभे व तार क्षतिग्रस्त हो गए। 25 खंभे तो अमौसी जोन के हैं। विकासनगर में सबसे ज्यादा देर तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विकासनगर में आम का पेड़ आंधी से सड़क पर गिरा तो कार दब गई। इससे 11 हजार व 440 वोल्ट की लाइन के तार टूटे तो उपकेंद्र के आसपास का एरिया सुबह से शाम तक बिजली संकट की चपेट में रहा। हालांकि, तेजी से काम कराकर बिजली चालू की गई। अहिबरनपुर उपकेंद्र के एसबीआई कॉलोनी को रोशन करने वाली लाइन पर पेड़ गिरा तो दो खंभे टूट गए। तीन घंटे में वैकल्पिक स्रोत से बिजली तो चालू कर दी गई, मगर नए खंभे शाम तक लग सके।

इसी प्रकार जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, आईआईएम रोड, कुर्सी रोड, गुड़ंबा, महानगर, निरालानगर, त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज, निशातगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, चिनहट, देवा रोड, तिवारीगंज, बीकेटी, इटौंजा आदि में पेड़ व टहनी गिरने से बिजली ठप हुई।

आंधी के कारण उतरेठिया उपकेंद्र इलाकों में पांच खंभे टूटने के कारण सुबह से शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। साथ ही आशियाना, बंगलाबाजार, बिजनौर, सरोजनीनगर, हरौनी, बंथरा, नादरगंज, कानपुर रोड, मोहान रोड, आलमबाग, चारबाग, हजरतगंज, छावनी, सुल्तानपुर रोड, चौक, अमीनाबाद, ऐशबाग, ठाकुरगंज, राजाजीपुरम, सहादतगंज, हुसैनगंज, कैसरबाग आदि इलाकों में भी तारों के टूटने और उपकेंद्र से बिजली बंद किए जाने के कारण भी संकट उत्पन्न हुआ। आंधी-पानी से माल उपकेंद्र के तहत दो लाख की आबादी सात घंटे तक बिजली संकट से प्रभावित रही। सुबह 8 बजे गुल हुई बिजली दोपहर 3:30 बजे आई। इससे कस्बा माल सहित नरायनपुर, अटारी, गहदेव, मंझी, शंकरपुर,नबीपनाह आदि फीडरों से जुड़े गांवों की दो लाख की आबादी को बिजली-पानी के लिए परेशान होना पड़ा।

### 70 गांवों में 7 घंटे संकट

काकोरी। काकोरी उपकेंद्र क्षेत्र में सोमवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। अंधे चौकी और आम्रपाली के पास 33 केवी लाइन पर अचानक यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से सात घंटे आपूर्ति बाधित हो गई।

## चार बच्चों और मां की हत्या का आरोपी आमिर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित मीरानपुर मुरादाबाद मोहल्ले में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के मुख्य आरोपी आमिर को पुलिस ने सोमवार सुबह एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस और बदमाश के बीच यह मुठभेड़ बाईपास के पास हुई। मुठभेड़ में पुलिस टीम के दो जवान भी घायल हो गए। मरैला चौकी प्रभारी राजेश यादव और एसओजी में तैनात सिपाही जाकिर हुसैन के बाएं हाथ में गोली लगी है। दोनों घायल पुलिसकर्मियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह पुलिस को आरोपी आमिर की लोकेशन बाईपास के पास मिली। घेराबंदी करने पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के सीने पर गोली लगी। घायल अवस्था में उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल एसपी प्राची सिंह के अस्पताल पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस आधिकारिक बयान जारी करेगी।

यह हृदयविदारक घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। मीरानपुर मुरादाबाद मोहल्ले के निवासी नियाज, जो सऊदी अरब में नौकरी करते हैं, उनके चार मासूम बच्चों शफीक (14), सऊद (12), उमर (10) और बेटी बयान उर्फ सादिया (8) की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

# आवारा सांड से टकराकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** आवारा सांड से टकराकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

घुंघचाई-बंडा हाईवे पर आवारा पशुओं का कब्जा है। उनका झुंड हाईवे पर बैठा रहता है। जिससे आए दिन लोग इनका शिकार हो रहे है। उसके वावजूद इनको पकडने के लिए प्रयास नही किए जा रहे है। कस्बा घुंघचाई निवासी मंगू यादव (30) बर्ष दो मई को रात्रि के दौरान वाइक से क्षेत्र के गांव बलरामपुर में किसी काम से गया था।वह वाइक से वापस अपने घर को लौट रहा था। इसी दौरान पूरनपुर बंडा हाईवे पर पडने वाले गांव लुकटिहाई

## परिवार ने नहीं कराया पोस्टमार्टम, कोहराम

के पास अचानक एक आवारा सांड ने उसकी वाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मंगू यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत उनकी मदद के लिए दौड़े, सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घायल मंगू यादव को पूरनपुर के अस्पताल में लाया गया। हालत में सुधार ना होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन हालत में कोई सुधार नही हुआ। इस पर परिवार के लोग बरेली इलाज के लिए गए। जंहा रविवार को उपचार के दौरान मंगू यादव ने दम तोड दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम नही कराया। सोमवार को मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे परिवार में पत्नी,एक पुत्री और अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं। घटना से परिवार में चीत्कार मची हुई है।

## छत से उतरते समय सांप के डंसने से बालिका की मौत

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह में रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। छत से नीचे उतर रही 12 वर्षीय बालिका को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी शुहानी देवी (12) रविवार रात करीब देर समय अपने घर की छत से नीचे उतर रही थी। इसी दौरान जब शुहानी किसी काम से नीचे आ रही थी,तभी सीढ़ियों के पास पहले से छिपे सांप ने उसे डस लिया। सांप के काटते ही बालिका ने चीख-पुकार मचाई, जिससे परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन तुरंत उसे लेकर स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचे,लेकिन उपचार शुरू होने से पहले ही मृत घोषित कर दिया। जिससे कोहराम मच गया। इस दौरान कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। परिवार ने मृतक का पोस्टमार्टम नही कराया। जिस पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सांप काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी होता है। झाड़-फूंक या घरेलू उपायों में समय गंवाना खतरनाक साबित हो सकता है। साथ ही रात में पर्याप्त रोशनी का उपयोग करना और घर के आसपास साफ-सफाई रखना ऐसी घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकता है।

## जर्जर तहसील भवन ढहाने की नीलामी फंसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** तहसील परिसर में स्थित वर्षों पुराने जर्जर भवन को ढहाने की प्रक्रिया अब अधर में लटकती नजर आ रही है। नीलामी के बाद कार्य शुरू होने से पहले ही ठेकेदार के पीछे हटने से प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

नीलामी में सफल रहे ठेकेदार ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को शपथ पत्र सौंपकर काम करने से असमर्थता जता दी है। ठेकेदार ने अपने हलफनामे में कहा है कि वह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते इस बड़े और जोखिम भरे कार्य को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। ठेकेदार ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उसकी खराब सेहत को देखते हुए नीलामी प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। इससे प्रशासन के सामने कानूनी और प्रशासनिक दोनों तरह की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। गौरतलब है कि पुराना तहसील भवन लंबे समय से जर्जर हालत में है और कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। ऐसे में इसका शीघ्र ध्वस्तीकरण बेहद आवश्यक माना जा रहा है।

# बारिश से आए फाल्ट से बिजली ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बारिश और आंधी के चलते लाइन पर पेंडों की टहनियां टूट कर गिर गईं। इससे फाल्ट आने से देहात व नगर क्षेत्र के दर्जनों गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बिजली कर्मचारी देर शाम तक व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे रहे।

रविवार की रात आधी तेज आंधी के साथ बारिश ने लोगों को तो गर्मी से राहत मिली। लेकिन पोल गिरने व लाइनें टूट जाने से बिजली आपूर्ति को बाधित कर दिया। देहात क्षेत्र में पैडों के नीचे से गुजर रही लाइनें पेड़ों की टहनियां टूटने से टूट गई।जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते तहसील क्षेत्र से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।बिजली आपूर्ति न मिलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।बिजली चलित उपकरण और बिजली से होने वाले कामकाज बाधित रहे।बिजली आपूर्ति न मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हांलाकि बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन बिजली नही मिली। इससे उपभोक्ताओं को रात अंधेरे में काटनी पडी।बिजली कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई को सुचारू करने के लिए फाल्ट को ठीक करने में जुटे रहे। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बिजली सप्लाई ठप रही।


बिजली पोल ठीक करते बिजली कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

## तेज आंधी में सेमल का पेड़ गिरा, घर क्षतिग्रस्त

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव खासपुर में तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। गांव निवासी छोटे लाल के घर के पास खड़ा सेमल का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। रविवार की देर रात आई तेज आंधी के दौरान पेड़ सीधे घर पर आ गिरा। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि मकान की छत और दीवारों को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम के मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जिन्हें समय रहते हटाया नहीं गया तो ऐसे हादसे फिर हो सकते हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का महिलाओं को समर्थन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के बूंदीभूड गांव में शराब की भट्ठी हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का धरना-प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और महिलाओं की मांग को जायज ठहराते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की।

धरना स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र रहीं और उन्होंने गांव में संचालित शराब की भट्ठी को तत्काल हटाने की मांग दोहराई। महिलाओं का कहना है कि भट्ठी के कारण क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। कई बार

## शराब भट्टी हटाने को अड़ीं महिलाएं, कांग्रेस का साथ

शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को प्रशासनिक स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि जब तक भट्ठी नहीं हटेगी, उनका धरना जारी रहेगा।

# लोक अदालत जागरूकता वाहन रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक दीवानी न्यायालय परिसर पीलीभीत, ग्राम न्यायालय पूरनपुर तथा बाह्य न्यायालय बीसलपुर में आयोजित होगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव एवं अपर सिविल जज (सी०डि०) अरूण कान्ति यशोदास ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लोग अपने-अपने मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कर लोक अदालत का लाभ उठाएं। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सोमवार को न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार चतुर्थ, अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या-2 एवं प्रभारी राष्ट्रीय लोक अदालत रामकिशोर, पूर्णकालिक सचिव अरूण कान्ति यशोदास सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रचार वाहन 04 मई से 08 मई तक जिले की सभी तहसीलों में भ्रमण कर लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा। वाहन के माध्यम से पराविधिक स्वयंसेवक पंकज माथुर और महेन्द्र पाल लोगों को त्वरित व सुलहपूर्ण न्याय के लिए प्रेरित करेंगे। प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कर आमजन को शीघ्र न्याय दिलाना और न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करना है।


पीलीभीत में राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करते हुए प्रचार वाहन।

## अश्लील फोटो वायरल मामला में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसके पिता को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता के अनुसार, एक युवक उनकी पुत्री को फोन पर परेशान करता था।

युवती के बात बंद करने पर आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी दी।जब पिता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।


पश्चिम बंगाल में भाजपा की जबरदस्त जीत की खुशी मनाते भाजपाई।

## बंगाल चुनाव रुझानों पर पूरनपुर में जश्न, आतिशबाजी से लगा जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा को बढ़त मिलती दिखने पर नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। भाजपा नगर कार्यालय पर सुबह से कार्यकर्ता टीवी पर नजरें टिकाए रहे और जैसे-जैसे रुझान पक्ष में आते गए, उत्साह बढ़ता गया। शाम करीब 5 बजे बढ़त स्पष्ट होते ही नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ता साईं बैंक्वेट हॉल गेट पर एकत्र हुए, जहां आतिशबाजी की गई और लड्डू बांटे गए। 'जय श्री राम' के नारों से माहौल गूंज उठा। हालांकि जश्न के चलते सड़क पर जाम लग गया, जिससे राहगीरों को परेशानी हुई। इस मौके पर हर्ष प्रधान ने इसे जनता के बदलाव के संकेत बताते हुए भाजपा के प्रति विश्वास जताने की बात कही।

## फंदे पर लटका मिला युवती का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सुबह देर तक कमरा न खुलने पर परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# सड़क उखड़ने के विरोध में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** टांडा होते हुए इकोत्तरनाथ को जोड़ने वाले लिंक रोड के निर्माण कार्य हाल ही में हुआ था। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमे सडक पैर मारते ही उखड रही है। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

तहसील क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा से लगा हुआ गांव नगरिया टांडा है। जो इकोत्तरनाथ मंदिर जाने वाले लिंक रोड को जोडता है। पांच किलोमीटर लंबी इस सडक का निर्माण 20 दिन पहले कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि मानक के तहत निर्माण नहीं कराया गया है। रविवार को वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें ग्रामीणों के पर मारते ही सड़क उखड़ रही है। ग्रामीणो का आरोप है कि जब कार्य चल रहा था। तब इसकी शिकायत भी की गई थी। लेकिन मनमानी के आगे ग्रामीणों की एक ना चली। और मानक की विपरीत सड़क का निर्माण कर दिया गया। जिससे सड़क पैर मरते ही उखड़ रही है। जिस पर लोग सवाल खडा कर रहे हैं। इससे नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर कडी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि जो सड़क उखड़ रही ठेकेदार सही कराये अन्यथा सभी लोग ठेकेदार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में बलविंदर सिंह, ज्ञानी, कोका सिंह, ताबा सिंह,दलबीर सिंह,जसपाल सिंह, जयराम कश्यप, रामप्रकाश वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## सबका साथ, सबका विकास की जीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत ने भाजपा की जीत पर कहा कि मैं इस शानदार विजय के लिए भाजपा के समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं, केंद्रीय नेतृत्व और विशेष रूप से बंगाल की जनता को हृदय से बधाई देता हूँ। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन और गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति पर जनता की अटूट मुहर है। वर्षों तक तुष्टिकरण और हिंसा की राजनीति झेलने वाले बंगाल ने आज विकास, सुरक्षा और सुशासन के मार्ग को चुना है।



# ढोल-नगाड़ों की थाप और मिठाइयों की मिठास

## गन्ना राज्य मंत्री के कैंप कार्यालय पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पश्चिम बंगाल में हुए चुनाव/उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत की गूंज अब जनपद में भी सुनाई देने लगी है। सोमवार को संजय रॉयल पार्क स्थित प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री के कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला।

जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने जमकर ढोल-नगाड़े बजाए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा और कार्यकर्ता गगनभेदी नारों के साथ जश्न मनाते नजर आए। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर बताया। उनका कहना था कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत पर खुशियां मनाते भाजपाई।

# ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का गांव नौरंगाबाद में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का अभिनंदन किया और पूरे गांव में धार्मिक माहौल बन गया।

रविवार शाम गायत्री परिवार के विद्वानों के सानिध्य में 551 दीप प्रज्ज्वलित कर दीपयज्ञ आयोजित किया गया। इसके साथ ही पांच कुण्डीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आस्था प्रकट की। तहसील संयोजक रामऔतार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 मई को यह रथ यात्रा पूरनपुर तहसील में प्रवेश करेगी और क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुए 9 मई की शाम को श्री वेद माता गायत्री शक्तिपीठ, गन्ना समिति पूरनपुर पहुंचेगी। यहां दीपयज्ञ का आयोजन होगा, जबकि 10 मई को यज्ञ कार्यक्रम के बाद रथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए माता भगवती देवी गौशाला, प्रसादपुर के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन अखण्ड दीपक के 100 वर्ष, माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी और पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की तप साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष का हिस्सा है। देशभर में 108 ज्योति कलश रथ यात्राएं 2400 तीर्थों की रज-जल और अखण्ड ज्योति के साथ भ्रमण कर लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत कर रही हैं। कार्यक्रम में लालता प्रसाद शास्त्री, करन सिंह कुशवाहा, दोदराम कुशवाहा, भूदेव शर्मा, राकेश सिंह, वीरपाल सिंह पाल, जगदीश आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।


दीपयज्ञ आयोजन में भाग लेते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

वार्षिकोत्सव | भजन-कीर्तन और महाआरती से भक्तिमय हुआ माहौल

# श्री बालाजी धाम में चतुर्थ वार्षिकोत्सव का शुभारंभ, उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बालाजी धाम अलीगंज में सोमवार से दो दिवसीय चतुर्थ वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया। पहले ही दिन धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में भजन-कीर्तन व जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधि-विधान के साथ हुई। धाम के महंत दीपक शर्मा के सानिध्य में संकट निवारण हवन संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि और कष्टों के निवारण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। हवन के बाद अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों ने सुव्यवस्थित तरीके से सेवा कार्य संभालते हुए आयोजन को सफल बनाया। सायंकालीन कार्यक्रमों में सुंदरकांड पाठ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ पाठ में भाग लिया। इसके बाद बालाजी महाराज की भव्य महाआरती हुई, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजन समिति के अनुसार, वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः झंडी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा के समापन के बाद सीताराम रसोई का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रेतराज बाबा को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और अंत में विशाल दिव्य दरबार सजाया जाएगा, जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।


श्री बालाजी धाम में चतुर्थ वार्षिकोत्सव में हवन पूजन करते श्रद्धालु।


श्री बालाजी धाम में चतुर्थ वार्षिकोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु।

एक नजर

## चार्ज संभालते ही सक्रिय हुए थानाध्यक्ष, अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**आसफपुर (बदायूँ)।** नवागत थानाध्यक्ष सुभाष कुमार के कार्यभार संभालते ही थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने सोमवार को ग्राम औरछी चौराहा निवासी सचिन पुत्र फूल सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी को दुन्दपुर स्थित पानी की टंकी के पास से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 पव्वे (200 एमएल) ट्राइगर गोल्ड अवैध शराब बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए थानाध्यक्ष के आने के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ी है और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगने लगी है।

# जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं : जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गाँधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति/उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति- 2019 व क्लस्टर सुविधा इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, कृषि निर्यात को बढ़ावा देने तथा कृषकों की आय वृद्धि से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।


उर्वरकों की उपलब्धता पर बैठक करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है तथा उन्होंने किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार उर्वरकों का समानुपात में वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारु बनी रहे, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत संचालित क्लस्टरों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा निर्यात को बढ़ावा देने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से केले की फसलों के लिए राइपनिंग चैंबर स्थापित करने तथा बासमती निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर बनाने व निर्यात हेतु निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक कृषकों को निर्यात उन्मुख खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। साथ ही सोयाबीन को अधिसूचित निर्यात सूची में शामिल किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अंत में संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, निर्यातक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में जा रहे चाचा-भतीजे पर हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अधकटा निवासी चाचा-भतीजे पर शादी समारोह में जाते समय दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना 2 मई की रात करीब 10 बजे की है, जब रामस्वरूप और प्रहलाद ग्राम खगाई जा रहे थे।

आरोप है कि रास्ते में ग्राम लखनऊ कला निवासी पूरनलाल, कांताप्रसाद, रविंद्र और रवि ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर दोनों के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर मचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष के रामदुलारे ने थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि इस घटना से गांव में तनाव व्याप्त है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा। -जागरण मोर्चा

# बीसलपुर के विकास को मिलेगी रफ्तार, विधायक विवेक वर्मा की मुख्यमंत्री योगी से अहम मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विधायक विवेक कुमार वर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में खासतौर पर बीसलपुर की सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए कई नई जनहितकारी योजनाओं के प्रस्ताव भी सौंपे। विधायक विवेक वर्मा ने क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग उठाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि बीसलपुर के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी जरूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को भी इस दिशा में आवश्यक निर्देश देने की बात कही। मुख्यमंत्री से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस मुलाकात के बाद बीसलपुर में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं।

# 10 किसानों को फसल बीमा के चेक वितरित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 10 किसानों को फसल क्षति के क्लेम चेक वितरित किए।

इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है और फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर रही है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से योजना का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिन किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दी गई, उनमें राम रतन (68,115), राम लाल (71,450), गंगा देवी (38,906), राम श्री (1,31,621), बाबूराम (33,348), लालाराम (55,691), गुरप्रीत सिंह (60,114), राजपाल सिंह संधू (44,525), राधे श्याम (71,599) और कढ़ेर (42,182) शामिल हैं। बताया गया कि यह क्षतिपूर्ति राशि इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है। इस मौके पर डीडी एग्रीकल्चर राम मिलन सिंह परिहार, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, उपसम्भागीय अधिकारी कौशल किशोर और बीमा कंपनी के जिला समन्वयक महेंद्र भारती सहित अन्य अधिकारी रहे।



विधायक स्वामी प्रवक्तानंद प्रधानमंत्री फसल बीमा फसल क्षति के क्लेम चेक वितरित करते हुए।

# चुर्रासकतपुर चौकी पर पुलिस का शिकंजा, 48 वाहनों के चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बरेली मार्ग स्थित चुर्रासकतपुर चौकी के पास पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चालकों में हड़कंप मचा दिया। अभियान के दौरान बीसलपुर टीई के साथ दरोगा हसमत अपनी टीम सहित पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोक-रोककर गहन जांच की।

चेकिंग के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा, हेलमेट और सीट बेल्ट समेत आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 48 वाहनों के चालान किए। अचानक हुई इस कार्रवाई से मार्ग पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अभियान में संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर भी विशेष नजर रखी गई। चौकी के समीप गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की तलाशी लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा संदेश दिया। दरोगा हसमत ने बताया कि कानून व्यवस्था को मजबूत रखने, अपराध नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया। वहीं पुलिस टीम में शामिल सिपाही सूर्य राठौर ने बताया कि अभियान के दौरान 48 वाहनों के चालान किए गए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सभी जरूरी कागजात साथ रखने की अपील की है।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बीसलपुर के महादेवा निवासी अहसान आलम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह 1 मई की शाम बाइक से बरेली जा रहे थे, तभी कैलाशपुल के पास तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अहसान को गंभीर चोटें आईं और उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।परिजनों ने उपचार में व्यस्तता के कारण देरी से थाना भुता में तहरीर दी है। घायल के भाई परवेज आलम ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खेत पर कब्जा करने के विरोध पर किसान को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव गाजीपुर कुंडा निवासी एक किसान पर खेत के कब्जे और जमीन के पैसों का तकादा करना भारी पड़ गया।

गांव के ही दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर किसान को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। घायल किसान ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। ग्राम गाजीपुर कुंडा निवासी धर्मपाल वर्मा पुत्र चोखेलाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि गांव के ही ओमपाल पुत्र बुद्धसेन ने अन्य साथियों की मदद से उसके खेत पर जबरन कब्जा कर रखा है। आरोप है कि बीती 28 फरवरी की सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी ओमपाल अपने तीन अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया। धर्मपाल के अनुसार जब उसने अपनी जमीन के पैसे मांगे तो सभी आरोपी आगबबूला हो गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर उस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट में उसे कई खुली और गुम चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद उसने बरखेड़ा थाने पहुंचकर मेडिकल परीक्षण कराया। अब पीड़ित ने दोबारा तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## छेड़छाड़ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज बेहटा (बदायूं)।** बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लिसरका निवासी महिला का आरोप है कि हिमांशु सक्सेना नामक युवक उसे लंबे समय से अश्लील इशारों से परेशान कर रहा था।28 अप्रैल की शाम जब पीड़िता वाहन का इंतजार कर रही थी, तब आरोपी ने साथी संग मिलकर उसके साथ अभद्रता की और हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश की। विरोध पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक चंद्रशेखर को सौंपी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# तेज आंधी और तूफान से शिव मंदिर परिसर तबाह, लाखों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अमरिया।** जिले के अमरिया विकास खंड की ग्राम पंचायत बरात बोझ में आज सुबह आए तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आकर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मंदिर का टीन शेड, छत और अन्य सामान उखड़कर दूर खेतों तक जा गिरे। देखते ही देखते पूरा परिसर अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रामीणों के अनुसार इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए और नुकसान का जायजा लिया। मंदिर के महंत सहित स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और शासन से तत्काल आर्थिक सहायता और क्षतिपूर्ति की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सहायता नहीं मिली, तो मंदिर के पुनर्निर्माण में काफी कठिनाई होगी। फिलहाल क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।


मंदिर परिसर में हुए नुकसान को दिखाते महंत व अन्य। -जागरण मोर्चा

## दोपहिया वाहन चालकों के लिए फिसलन भरी सड़कें बनीं जानलेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी, बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोमवार को हुई तेज आंधी और बारिश से भीषण गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन ग्रामीण मार्गों पर जलभराव और कीचड़ ने मुसीबत खड़ी कर दी है। खेड़ादास से वझेड़ा मार्ग पर लंबे समय से डली मिट्टी बारिश के बाद फिसलन में तब्दील हो गई है।सड़क पर जबरदस्त फिसलन के कारण बाइक और साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव और मिट्टी निकासी का कोई इंतजाम न होने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की है।

# शिव मंदिर के पास गंदगी का अंबार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत/बीसलपुर।** नगर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। शिव मंदिर के पास गंदगी का बड़ा अंबार लगा होने से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका की अनदेखी के चलते नगर के कई स्थानों पर कूड़े के ढेर जमा हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंदिर के आसपास फैली गंदगी से दुर्गंध उठ रही है और वहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। सुबह-शाम पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पालिका प्रशासन ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नगर के अन्य मोहल्लों में भी जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से मच्छरों और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नियमित सफाई न होने से हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा।


शिव मंदिर के पास गंदगी का ढेर। -जागरण मोर्चा

# पीलीभीत के शोधार्थी मोहम्मद सैफ कुरैशी के शोध को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुरकलां।** कस्बे के मरहूम अकरम कुरेशी के पुत्र, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शोधार्थी, मोहम्मद सैफ कुरैशी ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धि से जिले का नाम रोशन किया है। उनका हालिया शोध पत्र 'टीचिंग द पॉलिटिक्स ऑफ अर्थः रीइमैजिनिंग एनवायरमेंटल एजुकेशन फॉर प्लैनेटरी जस्टिस इन इंडिया' कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित 'ऑस्ट्रेलियन जर्नल ऑफ एनवायरमेंटल एजुकेशन' (2026) में प्रकाशित हुआ है

सैफ ने अपने शोध में भारत की वर्तमान पर्यावरण शिक्षा प्रणाली की सीमाओं को रेखांकित किया है। उनका तर्क है कि वर्तमान शिक्षा केवल रटने और परीक्षाओं तक सीमित है, जहाँ प्रदूषण और जल संकट जैसे विषयों के पीछे के आर्थिक और राजनीतिक कारणों पर चर्चा नहीं की जाती दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों और झारखंड के एक सामुदायिक शिक्षण केंद्र के तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से, शोध में यह पाया गया कि पारंपरिक स्कूली शिक्षा की तुलना में सामुदायिक मॉडल अधिक प्रभावी है। यह मॉडल बच्चों को पर्यावरण को उनके अधिकारों और जीवन के संसाधनों से जोड़कर व्यावहारिक समझ प्रदान करता है शोध में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि जब तक पाठ्यक्रम को स्थानीय समस्याओं और नीतिगत विश्लेषण से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक छात्र पर्यावरण संरक्षण के समाधान में सक्रिय रूप से योगदान नहीं दे पाएंगे। लोग सैफ को मुबारकबाद दे रहे हैं।


अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में शोध कर रहे मोहम्मद सैफ कुरैशी।

## विधायक बाबूराम पासवान ने कई गांवों में चौपाल कर सुनी समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर जनता से संवाद किया। उन्होंने ग्राम पंचायत खासपुर, आसपुर, जमुनिया, रानीगंज, बांसखेड़ा, न्यूरिया व मल्लपुर खजुरिया में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम मल्लपुर स्थित गौतम बुद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। विधायक ने कहा कि जनता का भाजपा और मुख्यमंत्री के प्रति अटूट विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और जनसमस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।

# कच्ची शराब: सेहत और समाज पर खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वाले शराब माफिया बेखौफ
- कच्ची शराब का सेवन करने वाले नशेडियों का गांवो में शाम होते ही लगता है जमावड़ा

**जोगराजपुर, (पीलीभीत)।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी ग्रामीण इलाकों में अवैध जरहीली कच्ची शराब के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें का धंधा ग्रामीण इलाकों में तेजी से पैर पसार रहा है।

पुलिस द्वारा शराब बेचने वाले शराब माफियाओं पर कार्यवाही भी की जाती है। इसके बाबजूद भी शराब के धंधे पर रोक नही लग पा रही है। जिले के सेहरामऊ उत्तरी थाना की चौकी सुल्तानपुर क्षेत्र के गांव रानीगंज, नजीरगंज, पजाबा, मनहरिया सोंधा, चतीपुर, सपहा, बागर, हरिपुर किशनपुर, जाजीपुर, तारकोठी समेत अन्य गांवो और आस-पास के इलाकों में कच्ची शराब का अवैध कारोबार खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। गांव की गलियों में शाम ढलते ही नशेड़ियों की भीड़ लग जाती है और खुलेआम कच्ची शराब बेची जाती है। इस जहरीले कारोबार ने न केवल ग्रामीणों की जान को खतरे में डाल दिया है, बल्कि कानून-व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। गांवो में बड़े पैमाने पर शराब माफिया सक्रिय है। यहां बड़े पैमाने पर शराब का कारोबार होता है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि शराब माफिया बेखौफ होकर अपना धंधा चला रहे हैं। पुलिस और प्रशासन को सब कुछ मालूम होने के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। इससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं।स्थानीय निवासी बताते हैं कि हर शाम गांव के एक हिस्से में शराब पीने वालों की भीड़ जमा हो जाती है। युवा,ग्रामीण बुजुर्ग और यहां तक कि किशोर उम्र के लड़के भी इस जहर का सेवन कर रहे हैं। कई लोगों की तबीयत बिगड़ चुकी है, लेकिन डर और प्रशासनिक उदासीनता के कारण कोई खुलकर बोल नहीं पा रहा।ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के बिना यह कारोबार इतने बड़े पैमाने पर नहीं चल सकता। सवाल यह है कि आखिर पुलिस क्या देख रही है? क्यों नहीं हो रही सख्त कार्रवाई? क्या किसी बड़े संरक्षण की छाया में फल-फूल रहा है यह कच्ची शराब का गोरखधंधा?ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इन माफियाओं के सरगनाओं को बेनकाब कर जेल में नहीं डाला जाएगा, तब तक यह जहर गांवों में फैलता रहेगा।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी रणनीति बनाई जाए और अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और जनस्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

# ऋतुराज ने पत्नी को दी फ्लाइंग किस, हार्दिक के आउट होने पर माहिका हुई उदास



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का 44वां मुकाबला शनिवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला गया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर सीएसके ने एमआई को आठ विकेट से हरा दिया। एल क्लासिको के नाम से मशहूर इन दो टीमों के बीच मैच में कई दिलचस्प पल भी देखने को मिले।

चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की मुंबई पर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 48 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 67 रन की नाबाद पारी खेली। ऋतुराज ने कार्तिक शर्मा के साथ 98 रन की नाबाद साझदारी निभाई। अर्धशतक लगाने के बाद ऋतुराज ने दर्शक दीर्घा में बैठीं उनकी पत्नी उत्कर्षा को फ्लाइंग किस भी दी। ऋतुराज की बल्लेबाजी खराब रही थी और उन्हें फॉर्म में लौटता देख उत्कर्षा भी काफी खुश नजर आईं।

### कार्तिक शर्मा का धोनी वाला अंदाज

चेन्नई सुपर किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को फ्रेंचाइजी ने 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, इस मैच से पहले तक उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला था। इस मैच में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक लगाया। अर्धशतक लगाने के बाद उनका गन सेलिब्रेशन ठीक उस तरह था, जैसा सेलिब्रेशन धोनी ने अक्तूबर 2005 में श्रीलंका के खिलाफ 183 रन की पारी खेलने के बाद किया था। कार्तिक धोनी की तरह विकेटकीपर भी हैं।

### माहिका दिखीं उदास

इस मैच में मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही थी। हालांकि, टीम ने काफी धीमी शुरुआत की। ऐसे में टीम को कप्तान हार्दिक पांड्या से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वह भी 23 गेंद में दो चौके की मदद से 18 रन बनाकर चलते बने। वापस पवेलियन लौटते वक्त उनकी गर्लफ्रेंड माहिका को दिखाया गया, जो कि काफी उदास दिख रही थीं।



### दुबे-हार्दिक के बीच हुई बात

तस्वीरों में हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे के बीच मैच के दौरान एनिमेटेड बातचीत होती दिख रही है। दोनों खिलाड़ी आमने-सामने खड़े हैं और हार्दिक हाथ के इशारों के साथ कुछ समझाते या जवाब देते नजर आ रहे हैं, जबकि दुबे भी ध्यान से सुनते हुए प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो किसी गेंद, शॉट या मैदान पर हुई घटना को लेकर बात चल रही है। दोनों गंभीर दिख रहे होते हैं।

### सूर्यकुमार ने ऋतुराज को दी बधाई

आईपीएल 2026 में मुंबई के खराब प्रदर्शन की एक वजह सूर्यकुमार यादव का फ्लॉप रहना रहा है। हालांकि, सीएसके से मैच के दौरान ऋतुराज को उन्होंने फॉर्म में वापस लौटने की बधाई जरूर दी। सूर्यकुमार ने सीएसके के खिलाफ 12 गेंद में 21 रन की पारी खेली।

### बोल्ट का 90 मीटर का छक्का

ट्रेंट बोल्ट ने सीएसके के खिलाफ अपनी पहली ही गेंद पर 90 मीटर का जोरदार छक्का लगाया। अंशुल कंबोज गेंदबाजी कर रहे थे। बोल्ट का फॉर्म इस सीजन खराब रहा है। उन्हें ज्यादा विकेट भी नहीं मिले हैं और ऐसे में उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान छक्का जड़कर अपनी भड़ास निकाली।

### आईपीएल एल क्लासिको मैच का हाल

मैच की बात करें तो मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 159 रन बनाए थे। नमन धीर ने 37 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेली। वहीं, रेयान रिकेल्टन ने 24 गेंद में 37 रन बनाए। सीएसके की ओर से कंबोज ने तीन और नूर अहमद ने दो विकेट लिए। सीएसके को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला था। गायकवाड़ के 48 गेंदों पर नाबाद 67 रन और कार्तिक शर्मा के 40 गेंदों पर नाबाद 54 रन की मदद से सीएसके ने 11 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सीजन के नौवें मैच में सीएसके की यह चौथी जीत थी।

## टी20 मुंबई लीग में नीलामी, अर्जुन पर लगी भारी भरकम बोली

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी20 मुंबई लीग के बहुप्रतिक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इससे पूर्व पहली महिला लीग की नीलामी की सफलता के बाद पुरुषों की फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बोली की मेज पर जोरदार मुकाबला किया, जिसमें उन्होंने जाने-माने अंतरराष्ट्रीय सितारों और शहर की सबसे होनहार उभरती प्रतिभाओं का मेल बिठाया।



सीजन 4 की नीलामी में बोलियों की जोरदार जंग देखने को मिली जिसमें ऑलराउंडर आकाश पारकर सबसे कीमती खिलाड़ियों में से एक बने। उन्हें सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 12 लाख रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रसाद पवार (11.50 लाख रुपए) और हरफनमौला मुशीर खान (11 लाख रुपए) को आर्क्स अंधेरी ने अपने इरादे साफ करते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले लीग ने आइकॉन खिलाड़ियों की एक जबरदस्त सूची की पुष्टि की थी, जो अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की अगुवाई करेंगे। इस सूची में भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मुंबई के दिग्गज शामिल हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव (ट्रंफ नाइट्स मुंबई नार्थ ईस्ट), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई

# विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित हरलीन देओल को नहीं मिला मौका

**मुंबई, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय महिला टीम घोषित हो गई। मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक के बाद टीम का एलान कर दिया गया। भारतीय टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर की अगुआई में खेलने उतरेगी। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था और अब टीम की नजरें अपने पहले टी20 विश्व कप खिताब पर होंगी। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।

### टीम में क्या खास?

टी20 विश्व कप के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनकैप्ड नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया है। प्रतिका रावल को टीम से बाहर कर दिया गया जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाईं। नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

### भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित

टी20 विश्व कप के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भी टीम का एलान किया गया है। इसमें प्रतिका रावल को मौका मिला है। यह मुकाबला 10 से 13 जुलाई के बीट लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।

**टेस्ट मुकाबले के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।




### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

### हरमनप्रीत कौर पांचवीं बार करेंगी कप्तानी

भारतीय टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, जो इस ग्लोबल टूर्नामेंट में पांचवीं बार टीम की अगुवाई करेंगी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह भारत की शीर्ष स्कोरर रही थीं। उपकप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना को सौंपी गई है। भारतीय टीम ने अपने स्पिन विभाग को मजबूत किया है, जिसमें दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी और राधा यादव शामिल हैं। ये सभी गेंदबाज हालिया दक्षिण अफ्रीका सीरीज में प्रभावी रहे थीं। भारत का हालिया टी20 प्रदर्शन ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहा है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम ने 21 में से 13 मैच जीते हैं, लेकिन इस साल 8 में से सिर्फ 3 मुकाबले ही जीत पाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में भारत को 5 में से 4 मैचों में हार झेलनी पड़ी।

# उसे बच्चा ही रहने दो

## आरसीबी के स्टार ने वैभव को लेकर की खास अपील, अपने पुराने बयान पर दिखे कायम

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से धमाल मचा रखा है। 15 साल का ये बल्लेबाज कई लोगों का चहेता है और उनमें से ही एक हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा। जितेश ने कुछ दिन पहले वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ था। जितेश ने अब इस पर दोबारा बात की है और कहा है कि वैभव अभी भी बच्चा है और उसे ऐसा ही रहने दो।



जितेश ने आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में वैभव को लेकर कहा था कि वह अनप्रोफेशनल हैं। अपने इस बयान को लेकर जितेश ने सफाई दी है।

### ये है सच्चाई

जितेश ने एक पॉडकास्ट में बताया कि डिविलियर्स ने उनसे भारत के भविष्य के बारे में पूछा था और उन्होंने जवाब में वैभव का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। हम दोनों काफी करीब हैं। मैं उसे कुछ भी कह सकता हूं। एबी ने मुझसे पूछा था कि आपको क्या लगता है कि कौन-सा खिलाड़ी भारत के लिए स्टार बनेगा? मैंने तुरंत वैभव का नाम लिया। जब उन्होंने पूछा कि क्यों? तो मैंने उसकी तकनीक, मानसिकता और मेहनत के बारे में बताया। मैंने कहा कि वैभव तीनों फॉर्मेट में धमाल मचा सकता है और वह मैदान पर काफी प्रोफेशनल दिखता है लेकिन मैदान के बाहर ऐसा नहीं है।'

### वैभव सूर्यवंशी को आईसक्रीम पसंद है

अपने और वैभव की दोस्ती के बारे में बात करते हुए जितेश ने कहा, 'वह 15 साल का बच्चा है जिसे आईसक्रीम खाना पसंद है। वह मेरे कमरे में आता है और खाता है। मैं नहीं खाता वो खाता है। एक बच्चा अगर आईसक्रीम नहीं खाएगा तो क्या करेगा? वह मेरे घर आता है, मेरी पत्नी से बात करता है। यूट्यूब पर वीडियो देखता है। वह मेरे छोटे भाई की तरह है।' जितेश ने कहा कि लोग क्या कहते हैं उससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, 'मुझे फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहते हैं। उनसे काफी सारे प्रोफेशनलिज्म की उम्मीदें हैं क्योंकि उसे इस लेवल पर प्रदर्शन करना है, लेकिन वह अभी भी 15 साल का है। एक बच्चे को बच्चा रहने दो।'




# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, सोने-चांदी की कीमतें गिरी

## भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान युद्ध में जारी तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते सोमवार के सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली, और उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर बनी चिंताओं ने सुरक्षित निवेश विकल्पों के आकर्षण को कम कर दिया। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 1,239 रुपए यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 1,50,113 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं, जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 4,863 रुपए यानी 1.94 प्रतिशत गिरकर 2,46,074 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, 999 प्यूरिटी वाले सोने का भाव सोमवार को 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, जो पिछले गुरुवार (30 अप्रैल) के 1,50,263 रुपए से 2,163 रुपए की गिरावट को दर्शाता है। वहीं 999 प्यूरिटी वाली चांदी की कीमत सोमवार को 2,40,120 रुपए प्रति किलोग्राम रही, जो पिछले गुरुवार के 2,40,331 रुपए से 211 रुपए कम है। वैश्विक बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना रहा। भारतीय समयानुसार शाम 7.47 बजे तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 4,569 डॉलर प्रति औंस के आसपास थी, जिसमें लगभग 1.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, कॉमेक्स चांदी के भाव में करीब 3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह लगभग 74.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। अमेरिकी मौद्रिक नीति और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। बाजार होर्मुज जलडमरूमध्य से विदेशी जहाजों को सुरक्षित निकालने की अमेरिकी योजनाओं के साथ-साथ अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में हो रही प्रगति के संकेतों पर भी बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को विमानन कंपनी स्पाइसजेट और उसके प्रमोटर अजय सिंह को बड़ा झटका देते हुए 144 करोड़ रुपये जमा करने के अपने पूर्व आदेश की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कंपनी और सिंह पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा कि 50,000 रुपये की लागत के साथ याचिका खारिज की जाती है। इससे पहले 19 जनवरी को हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट और अजय सिंह को 194 करोड़ रुपये की स्वीकृत देनदारी के खिलाफ 144 करोड़ रुपये अदालत की रजिस्ट्री में छह हफ्तों के भीतर जमा करने का निर्देश दिया था। बाद में 18 मार्च को इस समयसीमा को चार हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया था।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।